


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 156   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 11 अप्रैल 2023





पेज -4 पर श्यामसुंदर अग्रवाल को बनाये गये छत्तीसगढ़ श्रमजीवी ...

एसडीएम डिगेश पटेल ने लोगों के बीच बनाई अलग पहचान पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### दो बाईक की आपस में जोरदार भिड़ंत



**बलरामपुर।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाधरपुर में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवकों को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि दोनों बाइक में आमने-सामने की टक्कर हुई है। एक बाइक में 2 लोग सवार थे, जबकि एक बाइक में चालक अकेले ही बैठा था। गजाधरपुर के पास रात के अंधेरे में दोनों में जोरदार टक्कर हो गया गई और इस टक्कर में बाइक सवार तीनों युवक मुख्य मार्ग में ही गिर गए।

### भूसे से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भूसा से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया । इस हादसे में ट्रक ड्राइवर बाल - बाल बच गए। वहीं सड़क किनारे फल बेच रहे युवक और महिला भूसे में दब गए। यातायात पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि,ट्रक केशकाल से रायपुर की ओर जा रही थी। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कुलगांव का है।

# छत्तीसगढ़ बंद के दौरान आगजनी, ब्लास्ट

## बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव बिरनपुर में गिरफ्तार, कई और कार्यकर्ता भी अरेस्ट

रायपुर। बेमेतरा में हिंसक घटना और एक युवक की हत्या के विरोध में सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद किया गया। साजा से बिरनपुर पहुंचने के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव गिरफ्तार कर लिए गए हैं। वे पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे थे लेकिन इससे पहले वे अरेस्ट हो गए।





गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि बिरनपुर की घटना के बाद स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया है। हत्या करने वाले 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। लेकिन बीजेपी लॉ एन्ड आर्डर की स्थिति बिगाड़ने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में हमेशा से शांति का माहौल रहा है। बंद के दौरान जिस बिरनपुर गांव में घटना हुई थी, वहां उग्र हुई भीड़ ने एक मकान को आग लगा दी। इस दौरान मकान के भीतर ब्लास्ट हो गया। तोड़फोड़ करने पर उतारू भीड़ को संभालने के लिए दुर्ग रेंज के आईजी आनंद छाबड़ा सहित कई पुलिस अफसर-जवान यहां थे। इसी समय ब्लास्ट हुआ। फिलहाल किसी के घायल होने की जानकारी नहीं आई है।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

निजामुद्दीन खान, रशीद खान, मुख्तार खान, अकबर खान, अब्दुल खान, नवाब खान, अयूब खान, शफीक मोहम्मद, बशीर खान, जलील खान और जनाब खान हैं।

*आज इस बंद का ऐलान विश्व हिंदू परिषद ने किया है। कवर्धा-बेमेतरा के पास विहिप और भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए हैं। जयस्तंभ चौक पर चक्का जाम खत्म हो गया है। भाटागांव में कुछ बसों पर पत्थर फेंका गया है। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव पीड़ित परिवार से मिलने बेमेतरा रवाना हो गए हैं।*



आगजनी की घटना में दुर्ग रेंज के आईजी आनंद छाबड़ा बाल-बाल बच गए हैं। हालांकि अब तक ये कंफर्म नहीं हो सका है कि किसने उस झोपड़ीनुमा मकान में आग लगाई थी। बताया जा रहा है कि जिस मकान में आग लगाई गई है। वह गांव से कुछ दूरी पर है। फिलहाल दमकल की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। ब्लास्ट के वक्त आईजी और कुछ पुलिस कर्मी उस मकान के पास ही खड़े थे।







### मकान में आगजनी, फिर धमाका

*बिरनपुर में जिस युवक की हत्या हुई थी वहां प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर स्थित एक झोपड़ीनुमा मकान में आग लगा दी। इस घटना के बाद घर में जोरदार धमाका हुआ है। पुलिस आग बुझाने का प्रयास कर रही है। उनके मुताबिक आग लगने से घर में रखे सिलेंडर में धमाका हुआ है। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है। रायपुर में स्कूल पहुंचने के बाद कई स्कूलों में छुट्टी देकर बच्चों और स्टाफ को घर भेज दिया गया है। रायपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। सुबह 5 बजे से प्रदर्शनकारी बाजार बंद करवाने के लिए निकले हैं। इस मामले में साहू समाज भी समर्थन कर रहा है। क्योंकि बेमेतरा की हिंसक घटना में जिस युवक को मारा गया, वह साहू समाज से था।*

## चार पहाड़ी कोरवा मौत के मामले को लेकर राज्यपाल से मिले बीजेपी सांसद और विधायक

**रायपुर।** भाजपा सांसद और विधायकों का दल राजभवन पहुंचा. जहां राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात की. आधे घंटे तक बीजेपी नेताओं की राज्यपाल से बातचीत हुई. पहाड़ी कोरवा की सामूहिक आत्महत्या के मामले को लेकर बातचीत हुई।

मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि चार पहाड़ी कोरवा की मौत काफी दर्दनाक घटना है. मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने का कार्य अब तक नहीं किया है. वर्तमान में जांच और पीएम रिपोर्ट की समय सीमा तय करके उसे मंगवाया गया है. जब तक इस घटना की सूक्ष्म जांच नहीं होगी, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी. पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि घटना के बाद मुख्यमंत्री को अपने पद में रहने का अधिकार



नहीं है. हमने राज्यपाल के पास चिंता व्यक्त किया और बताया कि आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोई रोजगार मूलक काम नहीं किया गया. निश्चित रूप से उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है. दुरुस्त अंचलों में कोई भी विकास के कार्य नहीं चल रहे हैं. राज्य सरकार के राज में अगर इस प्रकार की मौत होती है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

वहीं चंदेल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने पर कहा कि राज्यपाल से निवेदन किया है हमने. इसके लिए पूर्ण रूप से राज्य सरकार जिम्मेदार है. मुख्यमंत्री 6 अप्रैल को जशपुर जिले में गए थे. मुख्यमंत्री के पास इतनी फुर्सत नहीं है कि वह 10 मिनट जाकर परिवार से मिलें. यह मुख्यमंत्री द्वारा संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित विधायक सांसद मौजूद रहे।

## कोरोना टेस्टिंग किट और वैक्सिनेशन में वृद्धि करने के दिए निर्देश

### कोविड प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करने कलेक्टर ने की अपील

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज जिले में कोविड़ प्रकरण के बढ़ते संभावित मरीजो को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।बैठक में उन्होंने जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में ईलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने कोरोना परीक्षण की संख्या में वृद्धि करने के साथ-साथ वैक्सीनशन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।इसके साथ ही उन्होंने जिले के समस्त नागरिको से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील भी की।बैठक के पूर्व कलेक्टर डॉ. भुरे ने पंडरी स्थित जिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया।इस दौरान उन्होंने अस्पताल में कोरोना मरीज़ों के





**कोरोना इलाज के संबंध में कलेक्टर डॉ. भुरे ने अर्न्तविभागीय समीक्षा बैठक कर तैयारियों के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश**

लिए उपलब्ध उपचार व्यवस्था को सक्रिय करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि जिले में कोविड की समस्त आवश्यक तैयारियां है। जिसमें मरीजो को किसी भी प्रकार के बुखार, सर्दी खांसी या गले में खरास जैसे लक्षण पाये जा रहे है। उन्हें तत्काल टेस्टिंग की सलाह दी जा रही है। वर्तमान में समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित जिला चिकित्सालय, मैडिकल कालेज एवं एम्स में कोविंड टेस्टिंग की व्यवस्था है। इसी प्रकार जिला रायपुर में स्मेटिक सेंटर कालीबाड़ी में भी टेस्टिंग की व्यवस्था की गई है।

## कुएं में गिरा मासूम कूद पड़ी बुआ

### टांगे टूटी फिर भी हिम्मत नहीं हारी



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में डेढ़ साल का बच्चा खेलते-खेलते गहरे कुएं में जा गिरा । बच्चे को बचाने उसकी बुआ ने कुएं में छलांग लगा दी और जान बचा ली। वहीं बच्चे के पेट में पानी भर जाने से उसकी सांसें थम चुकी थी, लेकिन बुआ ने हिम्मत नहीं हारी। पेट दबाकर पानी बाहर निकाला और मुंह से सांसें दी, तब जाकर बच्ची की सांसें चलने लगी, लेकिन इस हादसे में युवती का भी पैर टूट गया है। जानकारी के अनुसार केरेगांव में रविवार की शाम हर्ष ध्रुव नाम का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे की दादी को कुएं में जोर से गिरने की आवाज आई। तब जाकर उसने देखा कि हर्ष कुएं में गिर गया है। इसके बाद वहां चीख पुकार मच गई। बच्चे की मां भी मौके पर पहुंची, लेकिन उसकी भी हिम्मत नहीं हुई कि वह कुएं में कूद जाए। इसी दौरान बच्चे की बुआ गायत्री ध्रुव पहुंची और 20 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। कुएं में बच्चे की तलाश की तो उसे बच्चा भी मिल गया।



**बंद...बंद..बंद...** प्रदेश भर में जगह-जगह चक्का जाम, साहू समाज ने भी किया समर्थन

# साज़ा में हुई हिंसा के विरोध में विहिप के बंद का असर पूरे छत्तीसगढ़ पर

**रायपुर ।** विश्व हिंदू परिषद के द्वारा बेमेतरा के बिरनपुर में हुई घटना के खिलाफ प्रदेश व्यापी बंद के समर्थन में छत्तीसगढ़ बंद का व्यापक असर पूरे छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालयों में देखा गया में देखा गया । राजधानी रायपुर के कई व्यापारिक संस्थान पूरी तरह बंद थे जिसके चलते लोगों को खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

### भिलाई में किया गया चक्का जाम

दोपहर 2:00 बजे तक छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के आह्वान पर मार्केट बंद रहा। जिला भाजपा के द्वारा सुपेला घड़ी चौक पर आधे घंटे तक चक्का जाम किया गया। पावर हाऊस जवाहर मार्केट और सर्कुलर मार्केट सोमवार को साप्ताहिक रूप से बंद रहता है लेकिन सुपेला, रामनगर, हाउसिंग बोर्ड, नेहरू नगर सहित टाउनशिप में विहिप की टोलियों ने रैली निकाल दुकानें बंद भी करवायीं। गौरतलब हो कि बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुई घटना के विश्व हिंदू परिषद के द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था।भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश विजपूरिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी भिलाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा इस घटना के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया और दोपहर को घड़ी चौक सुपेला में आधा घंटे तक भाजपा द्वारा चक्का जाम भी किया गया। भारतीय जनता पार्टी के भिलाई जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरिया ने कहा कि बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुई घटना के बाद प्रतीत होता है कि भूपेश सरकार हिंदुओं के खिलाफ संगठित अपराध कर रही है परंतु भारतीय जनता पार्टी इसका मुंहतोड़ जवाब हर मोर्चे पर देगी।





### टूटा बस का शीशा

*कवर्धा बेमेतरा के पास भी विहिप और भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए। प्रदर्शनकारियों ने रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड में बसों को नहीं चलने दिया। कुछ बसों पर पत्थर भी फेंका गया है। इससे एक बस के सामने का शीशा टूट गया हालांकि किसी को चोट नहीं आई है।*

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 52 नए मरीज मिले

### अब प्रदेश में एक्टिव केस 466; रायपुर और बिलासपुर में सबसे ज्यादा हुई संक्रमितों की संख्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 52 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। अब कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 466 हो गई है। रायपुर में एक्टिव केस सबसे ज्यादा 146 हैं। जबकि बिलासपुर में 52 और दुर्ग में 45 मरीज हैं। राहत की बात ये है कि, पिछले 3 दिन से लगातार केस कम आ रहे हैं।

### कहां-कितने मरीज मिले

रविवार को 979 सैंपलों की जांच हुई थी, जिसमें सबसे ज्यादा 15 मरीज रायपुर में मिले हैं। इसके बाद बिलासपुर में 12, सरगुजा में 11, राजनांदगांव में 10, दंतेवाड़ा से 4, कोरबा से 3, बलरामपुर और सूरजपुर से 2-2 मरीज मिले हैं।



इसके अलावा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, महासमुंद और धमतरी जिले से 1-1 नए केस मिले हैं।

### टीएस सिंहदेव ने जनता से सतर्कता बरतने की अपील की है।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कोरोना के बढ़ते केस पर चिंता जाहिर करते हुए लोगों से सतर्कता बनाए रखने और लक्षण दिखने पर टेस्ट कराने की अपील की है। इसके साथ कहा है कि दूसरी लहर की तुलना में इसमें लक्षण कम दिख रहे हैं। मरीज कम समय में ही घर पर ठीक हो रहे हैं।



# समाज : कट्टरपंथी और मजहबी समूहों के नापाक इरादों का खामियाजा भुगततीं महिलाएं

सभी धर्मों, संस्कृतियों और समाजों में परिवर्तन आता है। परिवर्तन के बगैर धर्म, संस्कृति और समाज–सब बंद जलाशय की तरह हो जाते हैं। जैसे जलाशय के पानी को सड़ने से बचाने के लिए उसे खुला रखना होगा, उसी तरह पुरानी मानसिकता को भी बदलने की जरूरत पड़ती है। सोच को आधुनिक बनाने के लिए उसे विचारों की छोटी परिधि से निकालकर खुला आकाश देने की आवश्यकता है। पृथ्वी के सभी समाजों में हमने व्यापक बदलाव देखा है।

लेकिन इस सच से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि सभी समाजों में कुछ न कुछ लोग ऐसे हैं, जो परिवर्तन के विरोधी हैं। जिस समाज में बदलाव–विरोधी लोग कम हैं, वह समाज तेजी से प्रगति करता है। पर जिस समाज में बदलाव–विरोधी लोग ही ज्यादा हैं, वह समाज आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए बार–बार बाधाग्रस्त होता है।

एक समय यूरोप के ईसाई पादरी ईश्वर के बारे में सवाल करने वाले लोगों को फांसी पर चढ़ा देते थे। आज वही पादरी मनुष्यता को महत्व देकर अपना अस्तित्व बचाए हुए हैं। उन पादरियों का वैसा महत्व और वर्चस्व अब नहीं है। हिंदू समाज में एक समय सती प्रथा अस्तित्व में थी। उस दौर में पति की मृत्यु के बाद पत्नी के जीने का कोई औचित्य नहीं था। लेकिन आगे बढ़ने की प्रक्रिया में हिंदू समाज में सती प्रथा खत्म हो गई।

मुस्लिम समाज एक समय बहुत सारे मामलों में अग्रणी था। आज कम ही लोग इस पर विश्वास करेंगे। लेकिन एक समय आया, जब इस समाज ने खुद को बंद कर लिया। इसका नतीजा यह है कि आज यह समाज बहुत पिछड़ा हुआ है। प्रगति के पहिये को रोककर रखने से समाज का जितना नुकसान होता है, व्यक्ति का नुकसान उससे कम नहीं होता। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी पृथ्वी आधुनिक सभ्यता की ओर अग्रसर है। लेकिन आज भी कट्टरपंथी और कुछ मजहबी समूह अज्ञानता और अंधेरा फैला रहे हैं। मनुष्यों को अज्ञान के अंधकार में रखना ही इन लोगों और समूहों की मंशा है। इन्हें थोड़ी भी रोशनी बर्दाश्त नहीं। मैंने पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को हिंदू–मुस्लिम एकता के बारे में बात करते सुना था। उन्होंने कहा था, हिंदू–मुस्लिम एकता में बाधा खड़ी की जा रही है, क्योंकि कुछ लोगों को लगता है कि हिंदू और मुसलमान अलग हैं। असल में ये एक हैं। इनका डीएनए एक है। ये सभी भारतीय हैं। मैं सोचती हूं कि क्या बांग्लादेश में जमात–ए–इस्लामी या हिफाजत–ए–इस्लाम जैसे संगठन हिंदू–मुस्लिम एकता के बारे में ऐसी बात कर सकते हैं! क्या वे यह कह सकते हैं कि बांग्लादेश एक लोकतांत्रिक देश है, जहां किसी मुस्लिम का वर्चस्व नहीं होगा, किसी हिंदू का भी वर्चस्व नहीं होगा। विधर्मी कहकर जो लोग अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाते हैं, वे वास्तविक मुसलमान नहीं हैं। जो लोग कहते हैं कि हिंदू इस देश के नहीं हैं, वे भी मुसलमान नहीं हैं। बांग्लादेश के ये संगठन, जाहिर है, ऐसी बात नहीं कर सकते, क्योंकि वे बदलाव के आकांक्षी नहीं हैं। वे चाहते हैं कि बांग्लादेश के समाज में इसी तरह अशिक्षा, पिछड़ेपन और कट्टरवाद का बोलबाला रहे। वहां की बहुसंख्यक आबादी धार्मिक ही नहीं है, बल्कि वहां अति धार्मिक लोगों की संख्या भी आजकल बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरवाद बढ़ने का नतीजा यह है कि अल्पसंख्यक आबादी लगातार निशाने पर है। और सिर्फ अल्पसंख्यक आबादी ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में उदार सोच वाले सभी लोग निशाने पर हैं। जाहिर है, वहां जब तक बहुसंख्यक कट्टरवादियों की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक वास्तविक बदलाव की उम्मीद नहीं है। धर्मनिरपेक्ष या वैज्ञानिक चेतनासंपन्न लोग धार्मिक कट्टरवाद के खात्मे के साथ–साथ स्त्रियों को उनका अधिकार दिलाने के भी आकांक्षी हैं। यह समान नागरिक संहिता के जरिये ही हो सकता है। मैं अगर बांग्लादेश की बात करूं, तो वहां मुस्लिम पारिवारिक कानून में महिलाओं के साथ भेदभाव बहुत है। ऐसे ही, हिंदुओं के सिविल कानून हिंदू शास्त्रों पर आधारित हैं, नतीजतन वहां की हिंदू महिलाओं को भी वास्तविक अधिकार नहीं हैं। समान अधिकार की बुनियाद पर नागरिक संहिता वहां पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी। लेकिन किसी भी सरकार ने इस दिशा में ध्यान ही नहीं दिया। मुश्किल यह है कि बांग्लादेश में आज धार्मिक कट्टरवाद का ऐसा बोलबाला है कि मुस्लिम महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए नागरिक संहिता बनाने की बात सोची भी नहीं जा सकती। जबकि कुछ दशक पहले तक यह संभव हो सकता था। इससे साफ है कि समाज में कट्टरवाद बढ़ता है, तो उसका सर्वाधिक खामियाजा महिलाओं को ही भुगतना पड़ता है।



**इस आधुनिक दौर में भी कुछ कट्टरपंथी और मजहबी समूह अज्ञान और अंधविश्वास का अंधेरा फैला रहे हैं, जिसका नतीजा महिलाओं को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। बांग्लादेश इसका ज्वलंत उदाहरण है।**

ऐसे ही बांग्लादेश की हिंदू महिलाएं तलाक का अधिकार चाहती हैं। वहां उन्हें इसका अधिकार नहीं है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के अधिकारों के बारे में जो संगठन सक्रिय हैं, वे भी अपने समाज की महिलाओं के हितों की बात नहीं करते। दूसरी ओर, भारत और नेपाल में बहुसंख्यक हिंदू महिलाओं को तलाक देने और विधवा होने पर विवाह करने का अधिकार है। इसी से समझा जा सकता है कि बांग्लादेश में कट्टरवाद का खामियाजा सभी महिलाएं भुगत रही हैं, यह किसी एक समाज तक सीमित नहीं है।

तस्लीमा नसरीन

## संपादकीय

### घटते रसूख की मिसाल

संकेत हैं कि पश्चिम एशिया के देश अब अमेरिका का दामन छोड़ कर रूस के सहयोगी बन गए हैं। चूंकि ये देश पेट्रोलियम और गैस का भंडार हैं, इसलिए उनके रुख में ऐसा बदलाव पूरी दुनिया के लिए मायने रखता है। तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक+ ने अमेरिका को झटका दिया है। ओपेक में प्रमुख देश सऊदी अरब है। ताजा फैसले का सीधा संकेत है कि सऊदी अरब अमेरिका की मर्जी और मंशा की बिल्कुल परवाह नहीं कर रहा है। जिस समय पश्चिमी देशों में बमुश्किल महंगाई कुछ काबू में आती नजर आ रही थी, ओपेक+ ने तेल के रोजाना उत्पादन में कटौती का फैसला कर लिया। इससे विश्व बाजार में तेल के भाव फिर चढ़ गए हैं। स्पष्टत: ओपेक+ के निर्णय से महंगाई और बढ़ेगी। आम अनुमान है कि उसके परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक ब्याज दरें बढ़ाएंगे। उसका नतीजा अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी होने के रूप में तो सामने आएगा ही, साथ ही उससे अमेरिका और यूरोप का मौजूदा बैंकिंग संकट और भीषण रूप ले सकता है। दूसरी तरफ विश्व बाजार में कच्चे तेल का भाव बढ़ने से रूस को फायदा होगा। ओपेक तेल निर्यातक देशों का संघ है। जब से रूस इससे जुड़ा इस संगठन को ओपेक प्लस के नाम से जाना जाता है। रोजाना 11 लाख 60 हजार बैरल कम कच्चे तेल का उत्पादन करने का फैसला घोषित होने के तुरंत बाद विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने लगी। ओपेक ने कहा है कि यह फैसला तेल बाजार में स्थिरता लाने के मकसद से किया गया है।

## पाकिस्तानी कुचक्रों के बीच क्या सुलझेगा सिंधु जल विवाद, क्या होगी सहमति की परिणति

*सिंधु जल विवाद फिर चर्चा में है। इसी साल जनवरी में भारत ने पाकिस्तान को नदी जल बंटवारे की संधि के अनुच्छेद 12 के तहत नोटिस भेजा था। उसका जवाब अब आया है, कि वह संधि को लेकर नई दिल्ली की चिंताओं को सुनने के लिए तैयार है। पाकिस्तान हमारी दो परियोजनाओं–किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच के लिए तटस्थ विशेषज्ञों की नियुक्ति करने के आग्रह से खुद पीछे हटकर मामले को मध्यस्थता अदालत में ले जाने पर अड़ा था, जो संधि के अनुच्छेद नौ में विवादों के निपटारे के लिए बनाए गए तंत्र का उल्लंघन है। इसलिए भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस भेजा था।*

गौरतलब है कि अगस्त, 2021 में संसद की एक स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि आईडब्ल्यूटी पर फिर से बातचीत की जाए, ताकि नदी में जल उपलब्धता पर पड़े जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और अन्य चुनौतियों से जुड़े उन मामले को निपटाया जा सके, जिन्हें समझौते में शामिल नहीं किया गया है। पाकिस्तानी आतंकवाद का जवाब देने के लिए भारत में नदियों का पानी रोकने पर लंबे समय से विचार चल रहा है, लेकिन क्या यह व्यावहारिक रूप से तत्काल संभव होगा? दुनिया की सबसे बड़ी नदी–घाटी प्रणालियों में से एक सिंधु नदी की लंबाई कोई 2,880 किलोमीटर है। सिंधु नदी का इलाका पाकिस्तान (47 प्रतिशत), भारत (39 प्रतिशत), चीन (आठ प्रतिशत) और अफगानिस्तान (छह प्रतिशत) में फैला है। अनुमान है कि कोई 30 करोड़ लोग सिंधु नदी के आसपास के इलाकों में रहते हैं।



**पाकिस्तान यह मुद्दा मध्यस्थता अदालत ले जाना चाहता था, इसलिए भारत ने उसे नोटिस भेजा था। उसने भारत की बात सुनने पर सहमति जताई है।**

सिंधु नदी तंत्र की छह नदियों में कुल 1.68 करोड़ एकड़ की जल निधि है। इसमें से भारत अपने हिस्से का 95 फीसदी पानी इस्तेमाल कर लेता है। बाकी पांच फीसदी पानी रोकने के लिए अभी कम से कम छह साल लगेंगे और इसकी लागत आएगी 8,327 करोड़ रुपये। सिंधु नदी प्रणाली का कुल जल निकासी क्षेत्र 11,165,000 वर्ग किमी से अधिक है। यह पाकिस्तान के भरण–पोषण का एकमात्र साधन भी है। सिंधु नदी बेसिन के पानी के बंटवारे के लिए कई वर्षों की गहन वार्ता के बाद विश्व बैंक ने भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि की मध्यस्थता की। नतीजतन 19 सितंबर, 1960 को कराची में दोनों देशों के बीच जल बंटवारे को लेकर समझौता हुआ। भारत–पाकिस्तान के बीच तीन–तीन युद्ध और लगातार तनावग्रस्त रिश्तों के बावजूद दोनों में से किसी ने भी इस संधि को नहीं तोड़ा।


यहां यह जानना जरूरी है कि पानी की बात केवल सिंधु नदी की नहीं है, असल में इसके साथ पंजाब की पांच नदियों के पानी का भी मसला है। सनद रहे कि भारत रावी नदी पर शाहपुर कंडी बांध बनाना चाहता था, पर उस परियोजना को 1995 से रोक दिया गया है। भारत ने अपने हिस्से की पूर्वी नदियों का पानी रोकने के प्रयास किए, लेकिन सामरिक दृष्टि से ऐसी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पाईं। अब शाहपुर कंडी के अलावा सतलुज–व्यास लिंक योजना और कश्मीर में उझा बांध पर भी काम हो रहा है। इससे भारत अपने हिस्से का सारा पानी इस्तेमाल कर सकेगा। मगर इस संधि में विश्व बैंक सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शामिल हैं, जिनकी उपेक्षा करके और उन्हें नजरअंदाज कर पाकिस्तान का पानी रोकना कठिन होगा। ऐसा आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान की सीधी भागीदारी साबित करने के बाद ही संभव होगा। यदि हम नदी का पानी रोकते हैं, तो उसे सहेज कर रखने के लिए बड़े जलाशय, बांध चाहिए और नहरें भी। यदि पानी रोकने का प्रयास किया गया, तो जम्मू व कश्मीर, पंजाब आदि में जल भराव हो जाएगा। भारत की ये नदियों उंचाई से पाकिस्तान में जाती हैं। इनके प्राकृतिक जल–प्रवाह पर रोक समूचे उत्तरी भारत के लिए बड़ा संकट होगा। इसके अलावा, भारत से पाकिस्तान जाने वाली नदियों पर चीन के निवेश से कई बिजली परियोजनाएं चलती हैं। यदि उन पर विपरीत असर पड़ा, तो चीन ब्रह्मपुत्र के जरिये हमारे पूर्वोत्तर राज्यों को संकट में डाल सकता है। लेकिन पाकिस्तान के बदले रुख से विवाद सुलझने की उम्मीद बनती है।?

पंकज चतुर्वेदी

## मिला जुला

### एक नजर

#### ताइवान के चारों ओर 70 फाइटर जेट और 11 युद्धपोत, चीन ने शुरू की बारूदी बारिश, एक्शन में अमेरिका



ताइपे. चीन की सेना ने तीसरे दिन ताइवान को चारों ओर से घेरकर लाइव फायर ड्रिल शुरू कर दी है। चीन के फाइटर जेट ने ताइवान के ऊपर हमले का अभ्?यास किया है। इसमें चीन का शांडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर भी शामिल है। इस बीच अमेरिकी नौसेना ने भी मिसाइलों से लैस डेस्ट्रायर को दक्षिण चीन सागर के उस हिस्से से भेजा है जिस पर ड्रैगन दावा करता है। दरअसल, चीन ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग वेन की अमेरिका यात्रा से भड़का हुआ है और लाइव फायर ड्रिल करके डराने की कोशिश कर रहा है। चीनी सेना के पूर्वी थिएटर कमांड ने एक बयान जारी करके कहा कि H–6K फाइटर्स ने कई बार बारूद की बारिश की।

#### भगोड़े अमृतपाल सिंह का साथी पपलप्रीत गिरफ्तार, पंजाब पुलिस ने किया काबू



होशियारपुर। भगोड़े अमृतपाल सिंह का साथी पपलप्रीत गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक सूचनाओं के मुताबिक, अमृतसर रूरल पुलिस ने पपलप्रीत को होशियार से गिरफ्तार किया है। बता दें कि पपलप्रीत सिंह ने ही अमृतपाल सिंह की पंजाब से भागने में मदद की थी। अमृतपाल सिंह और पपलप्रीत सिंह की कई तस्वीरें भी सामने आई हैं। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को खबर आई थी कि अलगाववादी अमृतपाल के साथ साये की तरह चलने वाला पपलप्रीत उससे अलग हो चुका है। दोनों 28 मार्च को फगवाड़ा से होशियारपुर आए थे।

### वापस लौटा विमान, केस दर्ज

## दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री ने केबिन क्रू से की मारपीट

**नई दिल्ली.** एअर इंडिया की दिल्ली–लंदन उड़ान से सोमवार को एक अशिष्ट यात्री को उतार दिया गया। यात्री को उतारने के लिए विमान राष्ट्रीय राजधानी वापस आया था. सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि उड़ान एआई 111 में करीब 225 यात्री सवार थे. विमान को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) वापस लाया गया क्योंकि विमान में एक अशिष्ट यात्री सवार था. उन्होंने बताया कि इस अशिष्ट यात्री को हवाई अड्डे पर उतार दिया गया और इसके बाद विमान ने लंदन हीथ्रो के लिए उड़ान भरी.

एअर इंडिया की दिल्ली–लंदन उड़ान में उस वक्त हंगामा हो गया, जिस वक्त एक अनियंत्रित यात्री क्रू मेंबर्स के साथ झगड़ा करने लगा. हंगामा इतना बढ़ गया कि विमान को वापस लौटना पड़ा.





**कंपनी ने मामले पर बयान जारी किया**

कंपनी ने मामले पर बयान जारी कर कहा, 'एअर इंडिया की उड़ान एआई 111 दिल्ली से लंदन जा रही फ्लाइट में पैसेंजर द्वारा गलत व्यवहार करने पर विमान को तुरंत वापस बुला लिया गया. बिना शिकायत किये व दर्ज कराए बिना ही यात्री लगातार दुर्व्यवहार करता रहा. यात्री ने केबिन क्रू के दो सदस्यों के साथ मारपीट भी की. लैंडिंग करने पर यात्री को सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया. पुलिस में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है.'

*बता दें कि इससे पहले फरवरी में एअर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने कहा था कि हाल के समय में उड़ान के दौरान यात्रियों के खराब बर्ताव की घटनाओं के बाद एयरलाइन ने अपनी शराब पिलाने की नीति में बदलाव किया है. उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की है. पिछले महीने, लंदन से मुंबई एयर इंडिया की उड़ान के एक यात्री को उड़ान के शौचालय में धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था और उसे अनियंत्रित व्यवहार के लिए बुक किया गया था.*

'माफ कीजिए... हम ॥ष्ट के फैसले पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे'

## सुप्रीम कोर्ट ने भी लगाई अग्निपथ पर मुहर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सशस्त्र बलों में प्रवेश के लिए सरकार की अग्निपथ योजना को बरकरार रखने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने से संबंधित दो याचिकाओं को खारिज कर दिया और योजना की वैधता की पुष्टि की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि अग्निपथ योजना की शुरुआत से पहले रक्षा बलों के लिए रैलियों, शारीरिक और चिकित्सा परीक्षणों जैसी भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से चुने गए उम्मीदवारों के पास नियुक्ति का निहित अधिकार नहीं है।

*उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ गोपाल कृष्ण और अधिवक्ता एमएल शर्मा द्वारा दायर अलग–अलग याचिकाओं को खारिज करते हुए, 'क्षमा करें, हम उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहेंगे। उच्च न्यायालय ने सभी पहलुओं पर विचार किया था।' शीर्ष अदालत 27 मार्च को सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र की योजना को सही ठहराने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी। उच्च न्यायालय ने 27 फरवरी को कहा था कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के प्रशंसनीय उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय हित में तैयार की गई थी।*

## रूस से जंग के बीच भारत के दौरे पर आज पहुंचेंगी यूक्रेन की डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर

**नई दिल्ली.** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को 1 साल से ज्यादा समय बीत चुका है. लेकिन दोनों ही देशों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है. एक तरफ यूक्रेन को अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों का साथ मिल रहा है तो वहीं रूस भी अमेरिका विरोधी देशों की गोलबंदी करने में जुटा हुआ है. रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन की डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर एमीन झारपोवा 4 दिवसीय यात्रा पर आज दिल्ली पहुंच रही हैं. रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2021 में शुरू हुई जंग के बाद यह झारपोवा की पहली भारत यात्रा है. वह 9 अप्रैल से 12 अप्रैल तक भारत में रहेंगी.

### पीएम मोदी को मिल सकता है न्योता



यात्रा के दौरान झारपोवा विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी. इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूक्रेन आने का न्योता भी दे सकती हैं. विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत के दौरान यूक्रेन की महिला मंत्री द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगी.

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान

## मायावती ने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन का टिकट काटा, कहा- परिवार का कोई सदस्य नहीं बनेगा मेयर प्रत्याशी

**लखनऊ.** माफिया अतीक अहमद को बहुजन समाज पार्टी से तगड़ा झटका लगा है। दरअसल उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार चल रही हैं। इस पूरे मामले में अब तक शाइस्ता के साथ खड़ी समाजवादी पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि स्थिति अब बदल गई है और उनकी पार्टी यूपी नगर निकाय चुनाव में अतीक या उसके परिवार के किसी सदस्य को मेयर का टिकट नहीं देगी। हालांकि शाइस्ता को पार्टी की सदस्यता खत्म करने की बात पर मायावती ने साफ किया है कि इस संबंध में जैसे ही वह गिरफ्तार होंगी और जो भी तथ्य आगे आएंगे, उस आधार पर फैसला किया जाएगा। मायावती ने कहा कि प्रयागराज में पिछले दिनों उमेश पाल की हत्या को लेकर अभी तक मीडिया के जरिए जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं। इस मामले में अतीक की पत्नी का नाम आने और उसके फरार होने के बाद स्थिति बदल गई है। ऐसी स्थिति में अब हमारी पार्टी न तो अतीक की पत्नी को और न ही उनके परिवार के किसी भी सदस्य को मेयर का टिकट देगी। इसके अलावा जहां तक अतीक की पत्नी को पार्टी में रखने या न रखने का जहां तक सवाल है तो उनके पुलिस के गिरफ्त में आते ही जो भी इस केस को लेकर उनके बारे में तथ्य उभरकर सामने आएंगे तब इसका भी जल्द ही फैसला कर दिया जाएगा।



# बिना परमिशन के धड़ल्ले चल रहा, अवैध ईट भट्ठों का कारोबार

## अवैध ईंट भट्ठों में खपाया जा रह जंगल के पेड़

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

आदिवासी विकासखंड शंकरगढ़ ग्राम पंचायत रेहड़ा के सुदूर वनांचल के गांवों में अवैध ईट भट्ठों की बाढ़ सी आ गई है। जगह-जगह लोग ईंट बनवा रहे हैं और नदी किनारे का महुआ, बजाम, साजा के अनमोल पेड़ों को काटा जा रहा है।





इसी तरह सागौन के पेड़ को काटकर ईंट पका रहे हैं। वन विभाग द्वारा कोई गश्त ना कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्र में राजस्व और खनिज विभाग द्वारा अनदेखी के चलते वनांचल के गांवों में सैकड़ों स्थानों पर अवैध ईंट निर्माण धड़ल्ले से जारी है, जबकि ईंट बनाने पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना जरूरी होता है। बिना अनुमति के ईंट बनाया जा रहा है। विकासखंड शंकरगढ़ ग्राम पंचायत रेहड़ा में अवैध रूप से ईंट भट्ठा चल रहा है।

### अवैध ईंट भट्ठे से पर्यावरण को नुकसान

अवैध ईट भट्ठों के संचालक रेहड़ा का निवासी प्रदीप गुप्ता जो वर्तमान में शिक्षक भी हैं, और नेहरू व मिथलेश भी ईट भट्ठा बनवा कर खपत कर रहा है, इनके खिलाफ कार्यवाही के अभाव में इनकी संख्या बढ़ती जा रही है ईट ठेकेदार ओर खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### ईंट भट्ठे से पर्यावरण हो रही प्रदूषित

अवैध ईंट भट्ठों से राजस्व विभाग को बहुत ज्यादा हानि हो रही है। खनिज विभाग अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। ये लोग बढ़े पैमाने पर ईंट निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं। और जंगल से मुफ्त की लकड़ी से ईंट पकाया जाता है। प्रति हजार ईंट 8000 हजार रुपए में बेंचकर मालामाल हो रहे हैं। इसके बावजूद राजस्व विभाग, खनिज विभाग देखकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। ईट संचालन प्रदीप गुप्ता ने दी धमकी लोगों को आये दिन डरा रहा है, किसी ने शिकायत की तो जान से मार देने की धमकी दे रहा है पत्रकार रिपोर्टिंग करने पहुंचे तब प्रदीप गुप्ता, नेहरू व मिथलेश एवं दो अज्ञात व एक नेहरू का दामाद उनके साथी रिश्वत देने की बात कही पत्रकार रिश्वत नहीं लूंगा कहने पर उठवा लेने की धमकी देने लगा।

### क्या कहते हैं एसडीएम

*इस संबंध में जब हमारे द्वारा एसडीएम शंकरगढ़ से बात की कई तो उन्होंने बताया की मामले जानकारी आपके माध्यम से मिली है, मैं टीम भेज कर जांच करवाता हूं, यदि जांच में गलत पायी जाती है तो दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा।*

## समाचार सार

### एक्सोटिक मागूर एवं बिग हेड मछलियों के उत्पादन, संवर्धन एवं पालन पर प्रतिबंध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छ.ग.शासन, मछलीपालन विभाग द्वारा प्रदेश में एक्सोटिक मागूर (क्लेरियस गेरीपिनस)एवं बिग हेड (हाइपोफ्थेलमिकथीस नोबीलीस)मछलियों के मत्स्य बीज उत्पादन, संवर्धन एवं पालन को प्रतिषिद्ध घोषित किया है। संचालक मछलीपालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिषिद्ध मत्स्य के संबंध में छ.ग.शासन मछलीपालन विभाग, मंत्रालय द्वारा दिनांक 16 सितम्बर 2015 को अधिसूचना जारी की गई थी। उक्त प्रतिषिद्ध मछलियों का कोई भी मछुआ, वैयक्तिक, समूह या समिति, केन्द्र या राज्य शासन द्वारा मत्स्यों का मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य बीज संवर्धन एवं मत्स्य पालन, किसी भी जलस्त्रोत में चाहे व राज्य शासन का हो या वैयक्तिक हो, नहीं करेगा तथा इन प्रतिषिद्ध मत्स्यों का परिवहन, आयात एवं विपणन प्रतिबंधित है। प्रतिबंध का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में छ.ग.मत्स्य क्षेत्र (संशोधन)अधिनियम 2015 के तहत एक वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा उपरोक्तानुसार अधिसूचित प्रतिषिद्ध मत्स्य से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर दोष सिद्ध उपरांत संबंधित को मत्स्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की योजनाओं से प्रतिबंधित किया जाएगा।

**उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये जुर्माने की होगी कार्यवाही**

**दोष सिद्ध पाये जाने पर मत्स्य विभाग द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का भी नहीं मिलेगा लाभ**

# हिन्दू सर्व समाज प्रमुखों की जिला बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जिला मुख्यालय सक्ती में हिंदू समाज के सर्व समाज प्रमुखों की बैठक कनौजिया राठौर समाज सामुदायिक भवन पोरथा में संपन्न हुई। सक्ती जिले में हो रहे धर्मांतरण के गंभीर विषय को लेकर के आयोजित बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महंत, धर्म जागरण छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रमुख राजकुमार चंद्रा ने इस संवेदनशील विषय के संबंध में रोकने हेतु अपने अपने विचार प्रस्तुत कर इसे हर हाल में रोकने की बात कही। प्रथम उद्बोधन सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और हिंदू सर्व समाज सक्ती के जिला संयोजक डॉ.खिलावन साहू ने धर्मांतरण क्यों हो रहे हैं इसके कारण क्या है इसके रोकने के उपाय क्या-क्या हो सकते हैं इस संबंध मैं अपना विचार रखें और लोगों से इस विषय में अपनी बात रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम को कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री एवं किसान नेता प्रीतम सिंह गवेल ने भी इसके पीछे संस्कार को एक बड़ा कारण बताया। मिशनरी धर्म प्रचारक रहे पूर्व पास्टर के रूप 20 वर्षो से अधिक अपने जीवन का कीमती समय देने वाल फागू राम खूंटे और अशोक रात्रे ने मिशनरी सडयंत्र से बाहर आकर सनातन संस्कृति और धर्म को अपनाकर आप बीती सुनाया और आजीवन सनातन धर्म और संस्कृति का प्रचार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाबूलाल सिंह, कमलेश जांगड़े,विद्या सिदार,मोहन कुमारी साहू,चुडामणी राठौर, लखन चंद्रा,गणेश राम चंद्रा, विनोद यादव,डॉ पूरन साहू,डॉ राजू यादव,गोविंद चंद्रा,आनंद दास महंत,दीपक ठाकुर, राम कुंवर साहू,सर्वजीत सिंह,फ ागूराम खूंटे,अशोक रात्रे,जय प्रकाश साहू, श्याम चौहान,ठाकुर राम मनहर, राम नारायण गौतम,धरम रात्रे,दाऊ राम राठौर, प्रदीप गुप्ता,रवि गवेल,धर्मेंद्र पटेल, डॉ.राजेंद्र गिरी,ब्यास पटेल, बसंत सूर्या,तुलेश साहू,सत्येंद्र सोनी,गोपी राम बरेठ,ओम प्रकाश राठौर,संतोष चौहान,मोहन दास महंत, विज्ञान दास महंत,घनश्याम चंद्रा,गुहा राम केंवट, टिकेश डनसेना, नागेश दिनकर, राम सिंह राठौर,मोहन राठौर, शिव राठौर, अरविंद भार्गव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जन चौपाल में आज 51 आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 51 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। रायगढ़ के बैकुण्ठपुर निवासी जानकी दास राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन लेकर जनचौपाल पहुची थी, कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी द्वारा मौके पर पात्रतानुसार अन्त्योदय राशन कार्ड बना कर प्रदान कर दिया गया। इसी तरह तहसील तमनार के ग्राम-पाता निवासी रामेश्वर प्रसाद समरथ ने जारी आबादी पट्टा में नाम सुधरवाने आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि पट्टा उनके नाम पर न होकर उनके भाई के नाम से जारी किया गया है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलदार तमनार को आवेदन की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पुराना बड़पारा रायगढ़ निवासी प्रकाश सारथी राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत भू-स्वामी हक प्रदाय के संबंध में आवेदन लेकर आए थे, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि पुराना बड़पारा में नजूल भूमि स्थित है, योजनान्तर्गत उस भूमि का भू-स्वामी हक पट्टा प्राप्त किए जाने हेतु चालान के रूप में राशि जमा कर दिया गया है, परंतु आज तक भू-स्वामी हक प्राप्त नही हुआ है, कलेक्टर सिन्हा ने नजूल शाखा को आवेदन के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। राजीव गांधी नगर निवासी सुमन खटकर विद्युत बिल सुधार के लिए आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंची थी, उन्होंने बताया कि वे रोजी-मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करती है, उनके घर में 2 बल्ब, टीवी एवं वर्तमान में कूलर का उपयोग किया जा रहा है, जिसका बिल क्षमता से अधिक आया है, जबकि विद्युत खपत कम है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से बिल सुधार करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने सीएसईबी को आवेदन की जांच कर तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। बड़े अतरमुड़ा मॉ नगर कालोनी वासियों ने कचरा उठाव के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि मॉ नगर कालोनी ग्रामीण क्षेत्र बड़े अतरमुड़ा में आने के कारण कचरा प्रबंधन नहीं हो पा रहा है, उन्होंने शुल्क भुगतान पर सहमति देते हुए निगम द्वारा गाड़ी के माध्यम से कचरा उठाने की व्यवस्था करवाने का आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने नगर निगम को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। विकासखंड पुसौर के ग्राम दर्रीपाली निवासी हेमानंद एवं खेमराम केलो परियोजना अंतर्गत अधिकृत भूमि की राशि प्रदाय की मांग हेतु आवेदन लेकर जनचौपाल पहुंचे थे, कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि संबंधित परियोजनान्तर्गत राशि स्वीकृत हो चुकी, शीघ्र प्रदान की जाएगी। विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम गनपतपुर/किरियां के ग्रामीणों ने पटवारी द्वारा ग्रामीणों के राजस्व कार्यो में टालमटोल के संबंध में शिकायत लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि पटवारी द्वारा विभिन्न प्रकार के राजस्व कार्यो को टाल-मटोल कर घुमाया जाता है। उन्होंने पटवारी पर उचित कार्यवाही की मांग की। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम धरमजयगढ़ को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर सिन्हा ने दिव्यांगजन दम्पतियों को प्रदान किया चेक

*जनचौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत तहसील पुसौर के ग्राम-गढ़उमारिया निवासी राजकुमार उरांव पत्नी परमेश्वरी उरांव तथा तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-हाटी निवासी दरक्शा बानों पति मो.शाहिद को योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि के रूप में 50-50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया।*

# इंद्रावती के जल की तरह निर्मल मन वाले होते हैं आदिवासी : बैज

**बस्तर** । हम आदिवासियों की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराएं बस्तर की विशेष पहचान हैं। हमारी लोककलाओं, लोकगीतों, संस्कृति और परंपराओं की वजह से बस्तर आज पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो चुका है। उक्त उदगार बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज ने अपने गृहग्राम गढ़िया में भव्य गढ़िया महोत्सव का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उदघाटन समारोह में अतिथि के रूप में अनेक विधायक तथा जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सीएमएचओ ने ली चिकित्सक एवं कर्मचारियों की बैठक

## राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी ऑनलाईन पोर्टल में एंट्री करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आज आरोग्यम् सभाकक्ष में जिला स्तर पर जिले के समस्त हॉस्पिटल/नर्सिंग होम/ पॉलीक्लीनिक एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के चिकित्सक/कर्मचारियों का ऑनलाईन रिर्पोटिंग हेतु एक दिवसीय कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के निजी अस्पताल के संचालक /चिकित्सक/ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने अनुपस्थित चिकित्सक/ अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा उनके उपस्थित आपरेटरों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग के संबंध में तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम (कोविड, मलेरिया, कुष्ठ,टीबी व डिलवरी एवं वेक्सीनेशन की एण्ट्री ऑनलाईन पोर्टल में आवश्यक रूप से करने तथा उनके प्रशिक्षण व सावधानी के बारे में बताया गया। जिले में डॉ.खूबचंद बघेल योजना (आयुष्मान भारत योजना) से इलाज के दौरान मरीज से अतिरिक्त नगद राशि लिये जाने की शिकायत पाये जाने पर उस अस्पताल पर कार्यवाही करने का निर्देश दिए गए।

# महिला सहित 4 लोग गुढ़ियारी से गिरफ्तार, कब्जे से 4 किलो गांजा जब्त

**रायपुर** । 4 किलोग्राम गांजा के साथ महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत रेलवे कॉलोनी स्थित काली माई मंदिर के पास कुछ व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखें है तथा बिक्री कर रहें है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।

# मौत के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्त्ता बंद कराने के समर्थन में निकलें,दोषियों पर तत्काल कार्रवाई सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।







विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व समस्त हिंदू संगठनों के द्वारा छत्तीसगढ़ बंद करने के प्रदेश आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, शिवसेना, साहू समाज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गौ सेवा दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के सैकड़ों युवाओं के द्वारा संयुक्त रूप से एक साथ सोमवार को जिला मुख्यालय सूरजपुर शहर के ह्रदय स्थल अग्रसेन चौक मैं प्रातः 6 बजे सैकड़ों की संख्या में एक साथ एकत्रित होने के साथ-साथ शहर के सभी प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों पर पैदल व मोटरसाइकिल के साथ मार्च करते हुए काफी आक्रोशित अंदाज में शहर की विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को व्यापारियों से हाथ जोड़कर बंद करने का आग्रह करते हुए सभी दुकानों के शटर गिराए गए इस छत्तीसगढ़ बंद का असर जिला मुख्यालय सूरजपुर में व्यापक रूप में देखने को मिला प्रातः 6 से 11 तक शहर की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को 2 बजे तक बंद कराने के बाद कोतवाली थाना के सामने अग्रसेन चौक पर 11 से 1 तक काफी आक्रोशित अंदाज में माइ व चोंगा लगाकर नारेबाजी करते हुए सांकेतिक चक्का जाम किया गया। जिसके बाद विभिन्न हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौक से पैदल मार्च करते हुए एसडीम एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय नवापारा पहुंचकर एसडीम एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी रवि सिंह, तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी वर्षा बंसल, कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश राठोर को विभिन्न मांगो से भरे पत्र के साथ दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने का ज्ञापन सौंपते हुए चक्का जाम समाप्त किया छत्तीसगढ़ बंद के तहत सूरजपुर शहर में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर के सभी समाजों के व्यापारियों के द्वारा अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों को बंद करके हिंदू समाज को अपना पूर्ण समर्थन दिया जिसका पूरे शहर भर में व्यापक असर देखने को मिला। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश महलवाला, पूर्व नपा अध्यक्ष थलेश्वर साहू, जिला उपाध्यक्ष भूलन सिंह मरावी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, संत सिंह, शशिकांत गर्ग, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, अरविंद मिश्रा, जनपद सदस्य बजरंग गुप्ता, गौरव महलवाला, युवा किशन देवांगन, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, बजरंग राजवाड़े, संजू सोनी, दिलीप साहू, विक्की सोनवानी, पंकज सोनी, राकेश महाराज, प्रीतम सोनी, शशांक दुबे, प्रियांशु उपाध्याय सहित काफ ी संख्या में भाजपा व युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रीय रहे। इस दौरान बजरंग दल विभाग संयोजक दिनेश साहू, जिला सहसंयोजक संजय देवांगन,नगर संयोजक अनूज साहू, पवन गुप्ता, निखिल साहू, रोहित कसेरा, संजय साहू, विक्की मिश्रा, विनय साहू, शुभम सोनी, लोकेश सोनवानी, शुभम ठाकुर, प्रेम गुप्ता, विशाल गुप्ता, आर्यन चौबे, धीरज सोनी, जय कुर्रे, गौतम गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्रहरि, आकाश कसेरा, आकाश देवांगन, रोहित देवांगन, गोलू पांडेय, गोलू विस्वकर्मा, राहुल ढंकन, सानू साहू, अंशु कसेरा, अंकित अग्रवाल, चंद्रकांत राजवाड़े सहित काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सक्रीय रहे। इस दौरान जिला साहू संघ के अध्यक्ष जोखन साहू, सुशील साहू, थलेश्वर साहू, साहू संघ युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सौरभ साहू, सुनील साहू, मनीष साहू, संदीप साहू, आकाश साहू, विकाश साहू सहित काफ ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

इस दौरान शिवसैना युवा सेना अध्यक्ष माधव महतो, सुनील सारथी, नंदू सारथी, रवि सारथि, राजा सारथी, आयुष सारथी, रौनक सारथी, अनमोल, देव, अनिल सहित काफ ी संख्या में शिवसैनिक सक्रीय रहे।

# जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में अस्पताल प्रबंधन पर भी उठे सवाल

## आखिर पुलिस कब करेगी एफआईआर, और कब तक करना होगा पीएम रिपोर्ट का इंतजार









जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

स्वास्थ्य मंत्री के संभाग वाले सूरजपुर जिले में एक ऐसा मामला आया है जो स्वास्थ विभाग की पोल खोला कर रख दी है जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर ने अपने ड्यूटी टाइम में अपने ही नर्सिंग होम में जिला चिकित्सालय में एडमिट प्रसूता को अपने निजी नर्सिंग होम ले गई जहां जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई, जिसके बाद मामला गरमा गया है और परिजनों ने डॉक्टर को दोषी बताया है जिसके बाद प्रथम दृष्टि में तो प्रशासन ने रश्मि नर्सिंग होम को सील कर दिया है पर मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है मामला काफी बड़ा है और इस मामले में जिला चिकित्सालय की भी भूमिका संदिग्ध है यहां तक कि जिला चिकित्सालय के प्रबंधन की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है सवाल इसलिए भी लाजमी है कि जिला चिकित्सालय के डॉक्टर किस के अनुमति से अपने निजी नर्सिंग में इलाज कर रहे थे और आखिर क्या गलती की जिस वजह से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई, सूत्रों का कहना है की जिला चिकित्सालय से जो रक्त रश्मि नर्सिंग होम प्रसूता के लिए गया था उसे बिना जांचे ही उसे चढ़ा दिया गया, जिस वजह से उसकी मौत हो गई, पर इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है इसकी पुष्टि तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी पर पत्रकारों के ऑन कैमरे में ये बात रिकॉर्ड हो गई है जो खुद डॉक्टर ने कबूला था। अब इतना सब कुछ होने के बाद भी पुलिस प्रशासन अपराध क्यों नहीं दर्ज कर रहा है यह एक सोचने के विषय है कहीं राजनीतिक प्रभाव व पैसे का दबाव तो नहीं या फिर मामले को दबाने का प्रयास है, कही मामले को रफ-दफा करने की तैयारी तो नहीं? पीएम रिपोर्ट में कोई छेड़खानी तो नहीं होगी? यह भी संदेह जताया जा रहा है यदि निष्पक्ष जांच हुई तो परत दर परत कई खुलासे हो सकते हैं और यदि प्रभाव में जांच हुई तो सारे सबूतों को मिटाया जा सकता है?

### आखिर पुलिस कब करेगी एफआईआर

परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं और जच्चा-बच्चा मौत की वजह भी डॉक्टर को बताया है डॉक्टर कैसे दोषी हैं इसके लिए उन्होंने कुछ साक्ष्य भी दिए डॉक्टर व परिजनों के बयान के अनुसार यह बात सामने आई है कि डॉक्टर की लापरवाही की वजह से ही जच्चा-बच्चा की मौत हुई है जिला चिकित्सालय से आए रक्त का बिना जांच किए ही मरीज को चढ़ाया जा रहा था जो शरीर को रिएक्शन किया जिस वजह से मौत हुई यह बात निकलकर सामने आ रही है इसकी पुष्टि पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी पर फिलहाल तो यही बात सामने आ रही है।

### जिला अस्पताल की भर्राशाही खत्म होने का नहीं ले रही नाम

जिला अस्पताल की भर्राशाही फिर एक बार उस समय सामने आई है जब एक महिला चिकित्सक के निजी किलिनीक में जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों में भारी रोष है पर अस्पताल प्रबंधन सांप निकलने के बाद लकीर पीटने के अन्दाज में फिर एक बार जांच की बात कर रहा है जबकि इस महिला चिकित्सक के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें रही है जिस पर आज तक कभी मुकम्मल कार्रवाई हुई ही नहीं है। जिसका परिणाम रहा है कि अस्पताल के डॉक्टर मरीजों को हांक कर अपने निजी क्लीनिक ले जाते है जहां सीधे जेब पर डाका डालने के अन्दाज में उपचार करते हैं। इस डॉक्टर की हमेशा शिकायत रही है। पैसा लेन देन की शिकायत कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ से भी किया गया है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से मनोबल बढ़ा हुआ है। यही नहीं यहां जिला अस्पताल के कई नामी डॉक्टर अस्पताल से मरीजों को लगभग हाका मारने के अंदाज में घर में ले जाकर न केवल मरीजो के जेब मे डाका डाला जा रहा है। बल्कि जान भी ले ले रहे हैं?

### यह है पूरा मामला

गुरुवार को नगर से लगे तिलसिवां में स्थित रश्मि नर्सिंग होम में ग्राम भुवनेश्वरपुर की रहने वाली पूजा साहू को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था, परिजनों का आरोप है कि वह 3 अप्रैल को पूजा को लेकर प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय आए थे, जहां उसका 4 अप्रैल तक इलाज किया गया, लेकिन जब वह पूजा की हालत में सुधार नहीं हुआ तो वह उसे लेकर अंबिकापुर किसी अन्य हॉस्पिटल उपचार के लिए जाने पर विचार कर रहे थे, इसी दौरान जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर और रश्मि नर्सिंग होम के संचालक डॉ ने उन्हें यह कहते हुए अपने नर्सिंग होम में एडमिट करा लिया कि जो वहां उपचार होगा वह उपचार उनके नर्सिंग होम में हो जाएगा परिजनों ने डॉक्टर रश्मि की बात मानते हुए पूजा को 4 अप्रैल की शाम डॉक्टर रश्मि के नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया जहां 5 अप्रैल को पूजा का बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ और कुछ देर बाद रात में पूजा ने भी दम तोड़ दिया वहीं शिकायत मिलने के बाद पुलिस नर्सिंग होम पहुंचकर जांच में जुट गई है और शव को पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भेजकर कराया गया।

### नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन

इधर जिला मुख्यालय में सरकारी डॉक्टर खुले आम नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन कर रहे हैं जिस पर कोई अंकुश नहीं है। नियमानुसार न तो फीस की रसीद दी जा रही और न यह बताया जाता कि रेट क्या है। यही नहीं अस्पताल के टाइम का भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा अन्य कई नियम

है जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर अधिकारी भी खामोश है। वहीं जच्चा बच्चा की मौत होने के मामले में कई तमाम खामियां लापरवाही सामने आई, जब खून की आवश्यकता पड़ी तो बोतल खून नर्सिंग होम पहुंच गया, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, जिला अस्पताल और नर्सिंग होम की मिलीभगत का।

## समाचार सार

### बिहान कैडर्स संघ सक्ती अनिश्चितकालीन हड़ताल में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, अंतर्गत समस्त समुदायिक संवर्ग पीआरपी, एफएलसीआरपी, आरबीके बैंक मित्र एवं सक्रिय महिला हम सभी कैडर्स बिहान योजना से मिलने वाले मानदेय से संतुष्ट नहीं है जिस तहत से कैडर्स से काम लिया जाता है। उस हिसाब से मानदेय नहीं दिया जाता है। इसलिए हम सभी समुदायिक संवर्ग कैडर्स चार सूत्री मांगों को लेकर जनपद पंचायत सक्ती में दिनांक 10 अप्रैल 2023 सुबह 11 अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 200 से अधिक लोगों की धरण प्रदर्शन किया जाना है। से शाम 5 तक मांग की सूची इस प्रकार है। मानदेय विद्धि किया जाये। प्रति माह मानदेय भुगतान किया जाये, नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया जायेए नियमिति करण किया जाये।उपरोक्त मांगों को लेकर यह आवेदन शासन के समक्ष मांग करने में आपको सादर सूचनार्थ है।

### श्यामसुंदर अग्रवाल को बनाये गये छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ शक्ति जिले के प्रथम अध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने की नियुक्ति, पत्रकार साथियों ने जताया हर्ष

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं नगरपालिका सक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने नवगठित सक्ति जिले का प्रथम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। तथा श्यामसुंदर अग्रवाल की जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति से पत्रकार साथियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संगठन को मजबूती मिलने की बात कही है। वहीं छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ सक्ति जिले के प्रथम जिला महासचिव के पद पर पत्रकार राज शर्मा की नियुक्ति की गई है। तथा श्यामसुंदर अग्रवाल को प्रथम जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार सक्ति जिले में भी सभी ब्लॉक स्तर पर का गठन कर इसे मजबूती प्रदान करेंगे, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों क भी पत्रकार साथियों को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ेंगे।

### साहू समाज ने भुनेश्वर के हत्यारों के लिए फांसी की सजा मांगी

**नगरी** । तहसील साहू समाज नगरी अध्यक्ष पुनीत राम साहू, परिक्षेत्र साहू समाज नगरी अध्यक्ष राजकुमार साहू, नगर साहू समाज नगरी अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू के नेतृत्व में संयुक्त रूप से साहू समाज द्वारा रैली निकाल कर बेमेतरा के बिरनपुर गांव में भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या एक विशेष समुदाय के द्वारा कर दी गई, जिसके विरोध में हत्यारों को फांसी की सजा की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

इस कार्यक्रम में तहसील उपाध्यक्ष अनराज साहू, सचिव सुभाष साहू, सह सचिव पेमंत साहू, हृदय साहू, धनीराम साहू, राजकुमार साहू, रामगोपाल साहू , ज्वाला प्रसाद साहू, अनिरुद्ध साहू, देऊराम साहू, योगेश साहू, गौतम चन्द्र साहू, भरत लाल साहू, बीरेंद्र साहू, सचिदानंद साहू, शेषनारायण साहू, निलम्बर साहू, लेखराम साहू, ओमप्रकाश साहू, सुरेश साहू, जन्मेजय साहू, मनहरण साहू, मनीराम साहू, जयकिशन साहू, हरीश सार्वा, तुलाराम साहू, हीरालाल साहू, चन्द्रभान साहू, हीरेन्द्र साहू, पुरषोत्तम साहू, उधोलाल साहू, उमेश साहू, यतींद्र साहू, राजू साहू, गणेश राम साहू, संतोष साहू, सावलु राम साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे

# प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वयं के पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा

कमजोर आर्थिक स्थिति से नजीवन बीबी छोड़ चुकी थीं उम्मीद,आज स्वच्छ सुंदर मकान बनकर तैयार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे कई जरूरतमंद परिवारों के खुशियों की वजह बनी हैं। जिन्होंने पक्के मकान का केवल स्वप्न ही देखा था। इन्हीं में से एक हैं नजीवन बीबी, जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत करैयाखांड में कभी वे कच्चे घर में निवास करती थीं। आज प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका पक्का घर बनकर तैयार है। वे बताती हैं कि मेहनत मजदूरी से वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। आज उनकी उम्र 65 वर्ष हो गई है, परिवार में उनके साथ केवल एक पुत्री है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे पक्का घर बनाने की उम्मीद छोड़ चुकी थीं, परन्तु जैसे ही उन्हें योजना के बारे में पता चला उन्होंने आवेदन किया और वर्ष 2019-20 में स्वीकृति के बाद आज उनका स्वच्छ सुंदर मकान बनकर तैयार है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को उनके अपने घर के सपने को पूरा करने में मदद कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले में योजनांतर्गत पक्के आवास निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। जिले में ऐसे ही कई आर्थिक रुप से कमजोर परिवार शासन की मदद से लाभान्वित हुए है।

# शहर वासियों को अब मिलेगी आवारा पशुओं से मुक्ति, नगर निगम ने 8 चौक-चौराहों को घोषित किया मवेशी फ्री

कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर नगर निगम की पहल







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ शहर के चौक-चौराहों को आवारा मवेशियों से निजात दिलाने एवं ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद की जा रही है। ताकि जनसामान्य को शहर के सड़कों में खुले में घूमने वाले मवेशियों से यातायात बाधित होने की समस्याओं से मुक्ति मिल सके। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा द्वारा निगम क्षेत्र के कई चौक-चौराहों को मवेशी मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके शुरुआती चरण में निगम क्षेत्र के 8 प्रमुख स्थानों को मवेशी मुक्त घोषित किया गया है। इन स्थानों पर इसका बोर्ड भी लगाया गया है। जिसमें मोबाइल नंबर भी अंकित है। इन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की उपलब्धता ना हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की दिखने पर आमजन उक्त बोर्ड में अंकित मोबाइल नंबर 98279-32711 में कॉल करके मवेशी की जानकारी देने पर निगम अमला द्वारा उन पशुओं को संबलपुरी गौठान में शिफ्ट किया जायेगा। इससे शहर के लोगों को काफी हद तक आवारा मवेशियों से निजात मिलेगी।

**आवारा पशुओं से यातायात बाधित होने की समस्या से मिलेगी निजात**

**मवेशी मुक्त क्षेत्र में पशु पाये जाने पर मोबा.नं.98279-32711 पर करें काल, मवेशियों को किया जाएगा शिफ्ट**





### शहर के इन क्षेत्रों को बनाया गया मवेशी मुक्त जोन

*शहर के जिन चौक-चौराहों को मवेशी मुक्त बनाया गया है इनमें मेन पोस्ट ऑफिस एटीएम के पास, सुभाष चौक आलोक ट्रेडर्स के सामने, गौरी शंकर मंदिर के पास, शहीद चौक में मेन गेट के बीच, हेमू कलाणी चौक, कलेक्टर बंगला के सामने सरस्वती प्रतिमा के पास, चक्रधर नगर पॉलिटेक्निक के आगे एवं कलेक्ट्रेट के सामने को मवेशी मुक्त क्षेत्र बनाया गया है।*

# जिला मुख्यालय सक्ती पूर्णतः बंद

हिन्दू युवक की हत्या के विरोध में भाजपा ने किया छग बंद का आह्वान



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा में एक हिंदू युवक भुनेश्वर साहू के घर में घुसकर जिहादियों द्वारा बेरहमी से हत्या किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में बंद का आह्वान किया। जिसके तहत सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के निर्देशानुसार सक्ती जिला मुख्यालय में नगर मण्डल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में घूम-घूम कर लोगो से बंद की अपील की। उक्त अपील को समर्थन देते हुए समस्त सक्ती जिला मुख्यालय नगरवासियों ने बंद को पूर्णतः समर्थन देते हुए अपनी प्रतिष्ठाने बंद रखी है। बंद को सफल बनाने में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता रामअवतार अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल,विद्या सिदार,संजय रामचन्द्र,ऋषि गोयल, नगर मण्डल अध्यक्ष अनूप,प्रेमलाल पटेल,नटवर सिदार,अमन डालमिया, गोविंद देवांगन, अभिषेक शर्मा, मनोज सोनी,पिंटू गजेंद्र यादव,विनोद बंसल, ओमप्रकाश राठौर, प्रमेन्द्र ठाकुर, गोविंदा निराला,चेतन साहू, सर्वजीत सिंह,रंजन सिन्हा, पुष्पेन्द्री कसेरा,सुदेश गुप्ता,चिराग अग्रवाल, लाखन नामदेव,परमेश्वर साहू,आकाश साहू, हर्ष देवांगन,प्रकाश साहू,धनंजय नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

# हिंदू युवा की निर्मम हत्या के लिए भूपेश सरकार जिम्मेदार - उमेश अग्रवाल

विहिप एवं जिला भाजपा ने मिलकर विरोध स्वरूप किया शांति पूर्ण बंद का आह्वान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



साजा में हिंदू युवक की निर्मम हत्या की लेकर विहिप द्वारा बंद के आह्वान पर आज जिला भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों एवम विहिप से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रायगढ़ के प्रतिष्ठानों से विरोध स्वरूप बंद करने का विनम्र आग्रह किया स जिसे आशा तीत सफ्लता मिली। आज प्रातः 7 बजे गांधी गंज स्थित राम मंदिर में जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल विहिप संयोजक बजरंग अग्रवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल भल्ला एवं विवेक रंजन सिन्हा पूर्व सभापति सुरेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा कौशलेश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कातोरे, जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा गौतम चौधरी, जिला कार्यसमिति सुरेंद्र पाडेय, विनय दुबे,शहर महामंत्री सुमित शर्मा, अनिल कटियार, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष, मितेश शर्मा, दक्षिण मंडल अध्यक्ष भाजयुमो शैलेश माली, महामंत्री सतनाम सिंह, महामंत्री सुजीत लहरे, हेमकांत साहू, उपाध्यक्ष अभिलाष कछवाहा उपाध्यक्ष अंकुर गोरख, राजदीप सयाल, ओमकार तिवारी की मौजूदगी में भूपेश सरकार की तुष्टिकरण नीतियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। इसके बाद अलग-अलग जोन में नगर बंद की अपील करने हेतु टोलियां निकली और शांति पूर्ण नगर बंद करवाया। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवम विहिप संयोजक बजरंग अग्रवाल ने जारी संयुक्त बयान में कहा भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या भूपेश सरकार की तुष्टिकरण नीतियों का परिणाम है। नेता द्वय ने भूपेश सरकार से सवाल पूछा कि आखिर युवा भुनेश्वर साहू को खोने वाले उस मां बाप का कसूर क्या था। क्या जिहादियों के द्वारा मारे जाने के लिए ही उसकी मां ने बेटे नौ माह अपने कोख में पाला था।

भूपेश सरकार यह बताए कि प्रदेश में हिंदुओं की जलती हुई चिता का जिम्मेदार आखिर कौन है घ् शांति के टापू छत्तीसगढ़ में हिंदुओं पर कहर बरसाने वाली जिहादियों को प्रदेश में किसने पनाह दी। जिहादियों को भूपेश सरकार के कानून पर विश्वास नहीं बल्कि वे तालिबान के तर्ज कर इस तरह से निर्मम हत्या के जरिए फैसला करते है। जिहादियों द्वारा भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या की जवाबदेही सरकार को तय करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सके स जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भूपेश बघेल से सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। विहिप द्वारा प्रदेश बंद के आह्वान पर विरोध स्वरूप बंद की शतप्रतिशत सफलता हेतु विहिप एवम जिला भाजपा ने संयुक्त रूप से आभार जताया।



## शिविका, अक्षय हम आपके हैं कौन को करेंगे रीक्रिएट



अग्निसाक्षिया एक समझौता शो में सात्विक भोंसले और जीविका राणे का किरदार निभा रहीं आशे मिश्रा और शिविका पाठक ने 1994 की फिल्म हम आपके हैं कौन में बॉलीवुड सितारों माधुरी दीक्षित और सलमान खान द्वारा निभाए गए निशा और प्रेम के किरदारों को फिर से रीक्रिएट है।

शो के बर्थडे स्पेशल एपिसोड के दौरान, आशी और शिविका ने फिल्म के प्रतिष्ठित किरदारों के लुक में दीदी तेरा दीवाना पर डांस किया। शिविका ने कहा, हम आपके हैं कौन में निशा का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है, और मैं एक ऐसे युग में फिर से आने का सौभाग्य महसूस कर रही हूं, जो मेरे दिल को बहुत प्यारा है।



# दिशा परमार ने छोड़ा एकता कपूर का नया शो

टीवी एक्ट्रेस दिशा परमार जब से पॉपुलर शो बड़े अच्छे लगते हैं में दिखाई दी हैं, तभी से सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई हैं. एक्ट्रेस ने शो में फीमेल लीड प्रिया कपूर का किरदार निभाके सभी का दिल जीत लिया. हालांकि, अब एक्ट्रेस ने शो बड़े अच्छे लगते हैं में जनरेशन गैप आने के कारण छोड दिया है. इसके बाद, सुनने में आया था कि, दिशा परमार काम के लिए एकता कपूर के पास जा पहुची थी. केवल वही नहीं एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने भी इस रोल के लिए एकता को अपरोच किया था.

दरअसल, एकता कपूर के शो में यह किरदार एक ग्राउंड जर्नलिस्ट का है, जिसके लिए दिशा परमार और शिवांगी प्रयास कर रहे थे. हालांकि, अब रिपोर्ट्स का कहना है कि, दिशा ने शो को करने से मना कर दिया है, कुछ निजी कारणों की वजह से मैं अब यह शो नहीं कर रही हूं. ऐसे में सभी अनुमान लगा रहे हैं कि, यह शो शिवांगी जोशी को मिलने वाला हैं. रिपोर्टस के मुताबित, अभिनेता कुशाल टंडन भी एकता कपूर के शो में मेल लीड का किरदार निभाने वाले हैं. ऐसे में यह अनुमाल लगाए जा रहे हैं कि, शिवांगी और कुशाल एक साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे.

# जंपसूट में नेहा मलिक ने दिखाईं दिलकश अदाएं

फोटो देख आहें भरने लगे फैंस



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल अपनी तरफ अट्रेक्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस जह भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो सोशल मीडिया पर सनसनी मचा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने फैशन सेंस और ग्लैमरस अदाओं के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट तस्वीरों में मल्टीकलर सीक्वेंस वर्क जंपसूट पहना हुआ है। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को बेहद ही शानदार लग रहा है। फैंस भी उनकी तारीफों के पुल बांधते हुए नहीं थक रहे हैं। इन तस्वीरों में नेहा मलिक कैमरे के सामने बैठकर बेहद ही सिजलिंग अदाओं में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। अभिनेत्री की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है और सोशल मीडिया पर नेहा मलिक काफी एक्टिव रहती हैं।

# किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर 10 अप्रैल को होगा रिलीज, सलमान ने रोमांटिक पोस्टर शेयर कर बताई डेट



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ये फिल्म 21 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के गाने रिलीज हो चुके हैं और अब ट्रेलर रिलीज डेट सामने आ गई है। सलमान खान ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म किसी का भाई किसी की जान के ट्रेलर रिलीज होने की डेट बताई है। फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट आउट होने के बाद फैंस काफी खुश हैं।

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म किसी का भाई किसी की जान का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सलमान खान और पूजा हेगड़े एक-दूसरे की आंखों में खोए हुए नजर आ रहे हैं। दोनों स्टार्स का रोमांटिक अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। सलमान खान ने इस पोस्टर के साथ बताया है कि फिल्म किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर 10 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। फिल्म की ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और इस पोस्ट पर जमकर कमेंट कर रहे हैं।

सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का डायरेक्शन फरहाद सामजी ने किया है। वहीं, इस फिल्म को सलमान खान ने खुद प्रोड्यूस किया है। फिल्म किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान के अलावा पूजा हेगड़े, दग्गुबाती वेंकटेश, शहनाज गिल, सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल और पलक तिवारी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

# एमटीवी रोडीज 19 में प्रिंस नरूला होंगे गैंग लीडर, सामने आया टीजर

टीवी रियलिटी शो एमटीवी रोडीज सबसे पुराने और चर्चित शो में से एक है। करीब एक दशक से लंबे समय से यह युवाओं का पसंदीदा शो बना हुआ है। हाल ही में रोडीज 19 का टीजर जारी हुआ था, जिसके बाद शो को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी।



पिछली बार की तरह इस बार भी शो को सोनू सूद होस्ट कर रहे हैं। अब हर कोई नए सीजन के गैंग लीडर्स के बारे में जानने को उत्सुक है। शो के पहले गैंग लीडर का नाम उजागर हो चुका है। नए सीजन के साथ प्रिंस नरूला रोडीज में वापसी कर रहे हैं। रोडीज 19 में वह गैंग लीडर के तौर पर नजर आएंगे। नरूला और एमटीवी रोडीज ने इंस्टाग्राम पर एक टीजर जारी किया है, जिसमें नरूला के गैंग लीडर बनने की पुष्टि की गई। नरूला ने कैप्शन में लिखा, आप सबने इतना बुलाया कि मैं चला आया।

## खेल

हैदराबाद की पहली जीत, सीजन का पहला मैच हारा पंजाब

# सनराइज़र्स ने किंग्स को 8 विकेट से हराया, राहुल त्रिपाठी ने 48 बॉल पर बनाए 74 रन



**धवन की धमाकेदार पारी**

रन 99 | बॉल 66 | S/R 150.00

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में SRH ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 17.1 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया।

इससे पहले दिन के पहले मुकाबले में कोलकाता ने गुजरात को 3 विकेट हराया। इसमें रिंकू सिंह ने आखिरी 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के जड़े। पढ़ें पूरी मैच रिपोर्ट

### धवन की पारी पर भारी पड़े राहुल के 74 रन

पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने 66 बॉल पर नॉटआउट 99 रन बनाकर पंजाब को 143 के स्कोर पर पहुंचाया, लेकिन राहुल त्रिपाठी ने 48 बॉल पर 74 रन बनाते हुए अपनी टीम को जिता दिया।

पावरप्ले में भुवी-येनसन पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार और मार्को येनसन ने SRH को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में 3 विकेट लिए और पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया।

मयंक मारकंडे की गेंदबाजी स्क्रा। के लिए डेब्यू कर रहे मयंक मारकंडेय ने मिडिल ओवर्स में 4 विकेट लेकर पंजाब का स्कोर 88/9 कर दिया। शिखर धवन की पारी 88 पर नौवां विकेट गंवाने के बाद पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने आखिरी विकेट के लिए 30 बॉल पर 55 रन की पार्टनरशिप कर डाली। इस पार्टनरशिप में मोहित राठी ने 2 बॉल पर एक रन बनाया। धवन 99 के स्कोर पर नॉटआउट रहे।

शुरुआती विकेट गंवा दिए 144 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी स्क्रा। की शुरुआत खराब रही। टीम ने 35 पर पहला और 45 पर दूसरा विकेट गंवा दिया। यहां से मैच SRH से दूर जाने लगा। राहुल त्रिपाठी की पारी शुरुआती विकेट गंवाने के बाद नंबर-3 पर उतरे राहुल त्रिपाठी ने 48 बॉल पर 74 रन की नाबाद पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिला दी। उन्होंने कप्तान ऐडन मार्करम के साथ 52 बॉल में 100 रन की पार्टनरशिप भी की। धवन ने पंजाब को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, गेंदबाजों ने फेरा पानी पहले खेलने उतरी पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने जीरो के स्कोर पर इनफॉर्म ओपनर प्रभसिमरन सिंह का विकेट गंवाया। उसके बाद टीम को लगातार झटके लगे। 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। सैम करेन और शिखर धवन ही हैदराबादी गेंदबाजों का सामना कर सके।



**IPL में 99 पर नॉटआउट रहने वाले बैटर**

| प्लेयर | खिलाफ | कब |
|---|---|---|
| शिखर धवन, PBKS | SRH | 2023 |
| मयंक अग्रवाल, PBKS | DC | 2021 |
| क्रिस गेल, KXIP | RCB | 2019 |
| सुरेश रैना, CSK | SRH | 2013 |

## एक नजर

# जब तक खेलने की चाह है, खेलता रहूंगा : मिश्रा

**लखनऊ ।** लखनऊ के अनुभवी लेग-स्पिनर अमित मिश्रा ने इंडियन प्रीमियर लीग में दो साल बाद वापसी पर कहा है कि उनके अंदर जब तक खेलने की चाह रहेगी वह तब तक क्रिकेट खेलते रहेंगे।



मिश्रा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले के 18वें ओवर में राहुल त्रिपाठी को आउट करने के लिये एक दर्शनीय कैच पकड़ा। इसके अलावा 40 वर्षीय गेंदबाज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट भी लिये। आईपीएल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में मिश्रा ने कहा, 'मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और मुझे लगता है कि जब तक मेरे अंदर विकेट लेने की आग रहेगी, मैं क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।'

उन्होंने कहा, मैंने केएल (राहुल) से बात की और उन्होंने मुझसे कहा कि मिशी भाई, जो आपको सही लगे वही करो। मैं विकेट हासिल करने के बजाय रन रेट कम करना चाहता था।

मिश्रा के अलावा क्रुणाल पांड्या ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिये। इसके बाद उन्होंने लखनऊ के लिये 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 23 गेंद पर 34 रन का योगदान भी दिया।

# ऑर्लिन्स मास्टर्स जीतने से एक कदम दूर प्रियांशु

**ऑर्लिन्स ।** भारत के प्रियांशु राजावत ने ऑर्लिन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में आयरलैंड के न्हैट नुयेन को सीधे गेमों में हराकर फाइनल का टिकट कटा लिया। प्रियांशु ने अपने तेजतर्रार कौशल और शानदार फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए नुयेन को 44 मिनट में 21-12, 21-9 से मात दी। यह प्रियांशु के करियर का पहला सुपर 300 इवेंट फाइनल है, जहां उनका सामना चीन के ली लान शी या डेनमार्क के मैगनस जोहान्सन से होगा।



राजावत मुकाबले की शुरुआत में चौकस नज़र आये और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी की गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद प्रियांशु बेहतर लय में नज़र आये और पलक झपकते ही 17-11 की बढ़त पर पहुंच गये। नुयेन ने इस बीच एक पॉइंट अपने पक्ष में किया, लेकिन प्रियांशु ने एक दमदार स्मैश लगाकर 21-12 से जीत हासिल कर ली। दूसरे गेम में नुयेन ने वापसी करने के प्रयास में कई गलतियां कीं और प्रियांशु ब्रेक तक 11-3 पर पहुंच गये। राजावत ने भी अपने मजबूत बैकहैंड का प्रयोग किया और 20-6 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया।

कोरिया के ह्युंग-मिन सोन ने बनाया फुटबॉल में रिकॉर्ड

# इंग्लिश प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बने



**लंदन।** इंग्लैंड के टॉप टियर लीग यानी EPL (इंग्लिश प्रीमियर लीग) में टॉटेनहम टीम के साउथ कोरियाई खिलाड़ी ह्युंग-मिन सोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। शनिवार देर रात हुए मैच के बाद सोन प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बन गए है।

शनिवार देर रात इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोन की टॉटेनहम का मुकाबला ब्राइटन से हुआ। टॉटेनहम ने 2-1 से जीत दर्ज की। इसी मैच में 10वें मिनट में सोन ने गोल दागा। सोन ने लीग का 100वां गोल अपने दिवंगत दादा को समर्पित किया। दूसरा गोल हैरी केन ने 79वें मिनट में स्कोर किया।

### प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले 34वें खिलाड़ी बने सोन

अपना 260वां प्रीमियर लीग मैच खेल रहे सोन के नाम अब 100 गोल हो गए हैं, जो मैथ्यू ले टिसियर के गोल के बराबर है। कुल मिलाकर, वह प्रीमियर लीग में 100 या अधिक गोल करने वाले 34वें खिलाड़ी हैं। सोन ने इस सीजन में अपना सातवां प्रीमियर लीग गोल किया है। कुल मिलाकर, उन्होंने टॉटेनहम के लिए 364 खेलों में 142 गोल किए हैं।

# आखिरी ओवर में 31 रन बनाकर जीता कोलकाता

रिंकू ने नाबाद 48 रन की पारी खेली, राशिद की हैट्रिक गुजरात के काम न आई



**रिंक सिंह की पारी**

48* रन | 21 बॉल | 1/6 4/6 | 228.57 S/R

**अहमदाबाद।** मैच की आखिरी 5 गेंदों पर रिंकू सिंह के लगातार 5 छक्कों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को IPL-2023 में दूसरी जीत हासिल की। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को बेहद रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया।

### IPL इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब कोई टीम आखिरी 5 बॉल पर 5 छक्के जमाकर जीती है।

कोलकाता को आखिरी ओवर में 29 रन बनाने थे। 20वें ओवर की पहली गेंद पर उमेश यादव ने सिंगल लिया। इसके बाद रिंकू सिंह ने लगातार 5 छक्के जड़े। गेंदबाज यश दयाल थे। इस तरह कोलकाता ने आखिरी ओवर में 31 रन बनाकर मैच जीत लिया। रिंकू ने 21 गेंदों पर 48 रनों की मैच विनिंग पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाए। 205 रनों का टारगेट चेज करते हुए कोलकाता की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 207 रन बना डाले।

# बेरोजगारी भत्ता मिलेगा 25 सौ प्रतिमाह, युवाओं में दिख रहा उत्साह

## एक हजार से अधिक ने कराया पंजीयन, सत्यापन की कार्यवाही जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





### कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ रोजगार-स्वरोजगार स्थापित करने का मिलेगा अवसर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। इस योजना के लागू होने के बाद जिले के बेरोजगार युवाओं में बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए खासा उत्साह है। वे आवेदन करने में अपना रूचि दिखा रहे हैं। योजना के प्रारंभ होने के 10 दिवस के भीतर एक हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं ने पोर्टल में अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन के साथ ही बेरोजगारों को सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उनके बैंक खातों का भी सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में जिले में बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीयन कराने वाले पात्र बेरोजगारों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य चल रहा है। इसके लिए कलस्टर बनाये गये हैं और पोर्टल में पंजीयन कराने के पश्चात सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जिले में अभी तक एक हजार से अधिक आवेदन पंजीकृत हो चुके हैं। पंजीकृत आवेदनों का भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। बैंक खातों का सत्यापन के साथ ही स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। इधर बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वाले बेरोजगारों में इस पहल को लेकर बहुत उत्साह है। वे पात्रतानुसार अपना आवेदन कर रहे हैं। ग्राम जोगीपाली के युवा दीपक पटेल ने बताया कि राज्य सरकार की अच्छी पहल है। इससे बहुत लाभ होगा। बेरोजगारी भत्ता के साथ कौशल प्रशिक्षण भी मिलेगा। इससे हमें आने वाले समय में नये अवसर मिलेंगे। ग्राम कनकी के युवक सूर्यकांत राजवाड़े ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उन्होंने भी आवेदन किया है। उनका कहना है कि स्वीकृति के बाद कुछ जरूरी खर्च के लिए घर से पैसा मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इच्छुक आवेदकों से बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए ीजजचेरूइमतवरहंतपईींजजं-बह-दपब-पद में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2500 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

### कौन होगा अपात्र .

बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा। जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि। दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फि र ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा।

*यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफ र दिया जाता है। परंतु आवेदक ऑफ र स्वीकार नहीं करता है तो वह योजना के लिए अपात्र हो जाएगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियोंए राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्य, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे पेंशनभोगी जो 10 हजार रूपए या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं। उनके परिवार के सदस्य भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही इनकम टैक्स भरने वाले परिवार के सदस्य, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।*

## एक नजर

### प्रशांति वृद्धा आश्रम में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार डीएल कटकवार अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 7 अप्रैल 2023 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के सामंजस्य से प्रशांति वृद्धा आश्रम एवं समस्त तालुका स्तर पर विभिन्न स्थानों पर पैरा लीगल वालंटियर के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर ने आम जनों को स्वास्थ्य के प्रति शिक्षित करने स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने लोगों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने एवं स्वस्थ जीवन हेतु सुधार करने हेतु प्रेरित करते हुए विभिन्न विधिक जानकारी जैसे नेशनल लोक अदालत, नालसा फ्री हेल्पलाइन 15100, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, पोक्सो अधिनियम आदि की जानकारी प्रदान की गई।

### एकलव्य में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की पात्र-अपात्र सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का वर्ष 2023.24 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। अभ्यर्थी उक्त सूची का सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय के साथ ही सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं समस्त ब्लॉक के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023.24 में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में भर्ती हेतु आगामी 23 अप्रैल 2023 को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित किया जाना निर्धारित है। अभ्यर्थियों हेतु प्रवेश पत्र वितरण की सूचना कार्यालय द्वारा पृथक से दी जाएगी।

### कलेक्टर जनदर्शन में 21 आवेदन प्राप्त हुए

#### अपर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर सुनी मांग एवं समस्याएं,निराकरण के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में 21 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, शिकायतों और आवश्यकताओं को सुना। जिले के अलग.अलग क्षेत्रों से आए सभी आवेदकों की समस्याओं को उन्होंने पूरी गंभीरता व विनम्रता से सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज के जनदर्शन में बेजा कब्जा, बोरिंग में गंदा पानी, पानी की समस्या, जमीन बंटवारा, जमीन रजिस्ट्री, राशन कार्ड, राजस्व प्रकरण जैसे आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ठाकुर ने सभी आवेदन का जांच कर संबंध विभाग को निराकरण करने निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व प्रकरण संबंधी आवेदन पर न्यायालय में अपील करने समझाइश दी।

# छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही 3 जनपद सीईओ और 1 विकासखंड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ जीतेन्द्र यादव ने तुलसीदास मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पत्थलगांव, जशपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकहित भगत बगीचा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा अजय कुमार सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।**

नोटिस में कहा गया है। कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के घोषणा अनुसार दिनांक 1 अप्रैल 2023 से छत्तीसगढ़ सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण 2023 किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के निर्देशानुसार 20 मार्च 2023 के द्वारा छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 हेतु मार्गदर्शिका एवं निर्देश जारी किया गया है। जिसके परिपालन में आपके जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत 01 अप्रैल 2023 से सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिन्हा ने ग्राम पंचायत मैनी जनपद पंचायत बगीचा में सर्वेक्षण हेतु प्रगणक दल का गठन किया गया है। किन्तु आपके द्वारा प्रगणक दल का सही चयन नहीं करने से ग्राम पंचायत मैनी का कार्य प्रभावित हो रहा है। तथा शासन के मंशा अनुसार प्रगति नहीं हो पा रही है। जनपद पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकहित भगत को कारण बताओं नोटिस जारी करके जवाब तलब किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि 10 दिवस होने के उपरान्त भी आपके जनपद पंचायत क्षेत्र का प्रगति लक्ष्य के विरुद्ध 19.56 पुरा हुआ। जबकि सर्वेक्षण का कार्य को 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण करना है।पत्थलगांव जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तुलसीदास मरकाम को नोटिस जारी करके 10 दिवस व्यतीत होने के उपरान्त भी आपके जनपद पंचायत क्षेत्र का प्रगति लक्ष्य के विरूद्ध 23.66 प्रतिशत पूरा हुआ है। जनपद पंचायत बगीचा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि 10 दिवस व्यतीत होने के उपरान्त आपके जनपद पंचायत क्षेत्र का प्रगति लक्ष्य के विरूद्ध 23.50 प्रतिशत पूरा हुआ है। आपके प्रगति से अनुमान लगाया जा रहा है। कि आपके द्वारा सर्वेक्षण का कार्य में रुचि नहीं लिया जा रहा है। आपका उपरोक्त कृत्य पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही बरतने के साथ हीए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों, निर्देशों की अवहेलना है। साथ ही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत होने से कदाचरण की श्रेणी में आता है। क्यों न उपरोक्त कृत्य के लिएए आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस संबंध में 03 दिवस के अन्दर कार्य की प्रगति के साथ मेरे समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। आपसे समयावधि में समाधानकारक जवाब प्राप्त नहीं होने पर एक पक्षीय निर्णय लिया जाएगा। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जाएगी विशाल रैली

## 16 अप्रैल को वैचारिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



### अंबेडकर जयंती पर भाटापारा में बड़े कार्यक्रम की तैयारी, अंबेडकर युवा मंच द्वारा प्रचार प्रसार रहा जोरो से

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में भाटापारा नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जिला स्तरीय विशाल कार्यक्रम आयोजन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग पिछड़ा वर्ग सहित सभी समुदायों के लगभग एक दो दिन हजार लोगों का हिस्सा लेने का अनुमान है। 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर विभिन्न झांकियों के साथ विशाल रैली निकाली जाएगी जो माता देवालय वार्ड से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, रेस्ट हाऊस, फव्वारा चौक होते हुए सदर बाजार, बस स्टैंड से बाबा साहब अम्बेडकर के प्रतिमा के पास पहुंचकर बुद्ध वंदना कर रैली का समापन किया जायेगा। समापन पश्चात रैली में शामिल सभी अगुंतकों हेतु अंबेडकर युवा मंच द्वारा माता देवालय वार्ड में रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई है। अंबेडकर युवा मंच भाटापारा के सभी सदस्यों द्वारा घर घर जाकर कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जनसंख्या में कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकें। अंबेडकर जयंती विषेश बाबा साहब के विभिन्न आयामों को दर्शाएगी अंबेडकर युवा मंच भाटापारा भाटापारा नगर के रेलवे स्टेशन बाल उद्यान ग्राउंड में 16 अप्रैल रविवार को अंबेडकर युवा मंच द्वारा बड़े रूप से वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में बाबा साहब अम्बेडकर व सभी महापुरुषों के जीवनी से संबंधित वैचारिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि बिलासपुर के पूर्व जज प्रभाकर ग्वाल होंगे व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाटापारा से छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य आयुष्मान गणेश सिंह ध्रुव, बिलाईगढ़ के सामाजिक चिंतक व बसपा जिला अध्यक्ष आयुष्मान युवराज रात्रे व डिविजनल सेक्शन आल इंडिया एसटी एससी रेलवे एम्प्लॉय एसोसिएशन एस ई सी आर रायपुर आयुष्मान योगेश कुमार मिहौलिया होंगे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही महापुरुषों की वेशभूषा उनकी जीवनी संबंधित वैचारिक प्रस्तुति दी जाएगी । कार्यक्रम के पश्चात भोजन की व्यवस्था की गई है ताकि दूर दराज से आने वाले अगुंतको को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अंबेडकर युवा मंच द्वारा 14 अप्रैल बाबा साहब अम्बेडकर जयंती पर रैली व 16 अप्रैल को आयोजित मंचीय कार्यक्रम में आने के हेतु सभी समुदाय वर्गो को आमंत्रित किया जा है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन आंबेडकर युवा मंच के सदस्य संदीप रंगारी, सरगम हुमने, दिलीप भारद्वाज, संजय वैदे, अजीत पंडवार, रोशन नारनवरे, भावना हुमने, जयश्री नारनवरे, व अन्य सभी सामाजिक सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

# परशुराम जयंती मनाने विप्रवरों की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



अंचल के विप्रवरों की एक आवश्यक बैठक 9 अप्रैल रविवार को हनुमान मंदिर परिसर, हनुमान चौक पुरानी बस्ती में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 22 अप्रैल 2023 को विप्रों के अराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। बैठक के दौरान कार्यक्रम को सफ ल बनाने समाज के युवाओं को अलग अलग जिम्मेदारी भी दी गई जो वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में उसे पूरा करेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरसिया अंचल के विप्रवरों की उक्त बैठक वरिष्ठ विप्रजनों पण्डित नारायण प्रसाद पाण्डेय, पण्डित गंगा प्रसाद तिवारी, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, पण्डित सतीश कुमार पाण्डेय, पण्डित एल दुबे की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित की गई। इसमें भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। इसके तहत सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो हनुमान मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भगवान परशुराम चौक पहुंचेगी जहां विप्रजन अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना करेंगे।

वहीं पर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया है शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होने के लिए अंचल के विप्रजनों के अलावा सर्व समाज के लोगों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार आयोजन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा कर उपस्थित युवाओं को जिम्मेदारी दी गई। उक्त बैठक में पण्डित रिपुसूदन पाण्डेय, पण्डित ब्रजेश शर्मा, पण्डित डालिस पाण्डेय, पण्डित दिनेश तिवारी, पण्डित लखन लाल शुक्ला, पण्डित प्रवीण चतुर्वेदी, पण्डित नवीन दुबे निशु, पण्डित मोहन पाण्डेय, पण्डित भुनेश्वर पाण्डेय, पण्डित अजय मिश्रा, पण्डित प्रदीप पाण्डेय, पण्डित ईश्वर शरण पाण्डेय, पण्डित दुर्गेश नन्दन पाण्डेय, पण्डित संदीप शर्मा, पण्डित कांता शर्मा,पण्डित पंकज पाण्डेय, पण्डित चंदन कृष्ण पाण्डेय, पण्डित वंश पाण्डेय, पण्डित पवन द्विवेदी, पण्डित विकास तिवारी, पण्डित नरेंद्र तिवारी, पण्डित नागेश्वर शुक्ला, पण्डित बृजभूषण पाण्डेय, पण्डित पुष्पेंद्र तिवारी आदि विप्रवर उपस्थित थे। जो विप्रवर किसी कारणवश आज की बैठक में शामिल नहीं हो सके उन्होंने भी दूरभाष के माध्यम से अपनी सहमति दी है।

# मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा,कोविड से लड़ने तैयार प्रशासन

## कलेक्टर बंसल ने मास्क पहनने एवं भीड-भाड़ वाली स्थानों से दूर रहने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कोरोना संक्रमण की किसी स्थिति से निपटने हेतु केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश कलेक्टर रजत बंसल की निगरानी में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में भी तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम ने आज भ्रमण कर इस बाबत तैयारियों का परीक्षण किया गया। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की शासन से प्राप्त निर्देश के अनुरूप आज जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल और मंडी कोविड अस्पताल में सहित समस्त सीएचसी और पीएचसी में मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत विविध प्रकार के जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों को शुरू कर उनकी क्रियाशीलता जाँची गई एवं दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिले में 5 ऑक्सीजन प्लांट हैं जिसमें जिला अस्पताल में दो क्रमशः एक हजार और दो सौ एल पी एम के हैं। जबकि मंडी कोविड अस्पताल में 5 सौ एलपीएम का प्लांट स्थापित है। इसी प्रकार कसडोल में 166 और भाटापारा में 500 एलपीएम का प्लांट है जो सभी चालू हैं। ऐसे ही जिला अस्पताल और मंडी कोविड अस्पताल सहित सभी सी एच सी में वेंटिलेटर उपलब्ध हैं जिले में कुल 43 वेंटीलेटर हैं। जबकि ऑक्सीजन बेड जिला अस्पताल में 93 एमंडी में 120 एवं सभी सी एच सी में 20-20 बेड हैं। आईसीयू बेड मंडी कोविड अस्पताल के में 19 और जिला अस्पताल में 8 जबकि एचडीयू बेड मंडी कोविड अस्पताल और जिला अस्पताल में 25.25 हैं। जिले में वायरोलॉजी लैब सक्रिय है जहाँ आर टी पी सी आर की जाँच उपलब्ध है इसके साथ ही एंटीजन भी किया जाता है। दवाइयों का भंडार भी पर्याप्त और सभी आवश्यक दवाइयों से युक्त है।

इसके साथ ही जिले को प्रतिदिन 130 कोरोना जांच का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें से 100 आर टी पी सी आर एवं 30 एंटीजन किया जाना है जिसकी कार्य योजना बना के क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त टेस्ट में से 50 जिला अस्पताल में और 10-10 सी एच सी पर किया जा रहा है। विकासखंडों से सैंपल परिवहन की व्यवस्था की गई है सिमगा तथा भाटापारा और लवन कसडोल के सैंपल एक ही माध्यम से लाए जा रहे हैं जबकि पलारी द्वारा सीधे जिला अस्पताल में सैंपल भेजा जा रहा है। वायरोलॉजी लैब पूरी तरह से कार्यरत है। जिले में 24 हजार आर टी पी सी आर किट और 12 हज़ार एंटीजन किट उपलब्ध है। सीएमएचओ ने कहा कि कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरी है तथा हर तरह से निगरानी बरती जा रही है। इस बाबत लोगों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल जैसे मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग,सैनिटाइजर का भी प्रयोग किया जाना आवश्यक है। मॉक ड्रिल में सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर,सिविल सर्जन डॉ.राजेश अवस्थी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी,डॉ.स्वाति यदु सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# वन संपदा एवं वनस्पतियों के संरक्षण में वन मंडल बैकुंठपुर कर रहा तत्परता से कार्य,खड़गवां वन परिक्षेत्र के रेंजर अर्जुन सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

**छत्तीसगढ़ के वर्तमान कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर जो छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंत्री हैं। जहां उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ वन विभाग में वन विभाग की सकुशल कार्यशैली को देखा जा सकता है।**

वनों की सुरक्षा एवं वन संपदा के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन वन मंडल बैकुंठपुर के आला अधिकारियों द्वारा बड़ी तत्परता से किया जा रहा हैए वन मंडल बैकुंठपुर के वन मंडलाधिकारी के आदेशानुसार एवं उप वन मंडलाधिकारी अखिलेश मिश्रा के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र खड़गवां के रेंजर अर्जुन सिंह द्वारा वन सम्पदा के लिए हितकारी प्रयासों को अक्सर देखा गया हैए जिसका साक्ष्य वन परिक्षेत्र खड़गवां में स्वयं वहां के हरे भरे वनस्पति एवं वन्य वातावरण हैं। हम बात कर रहे हैं वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र खड़गवां की जहां लंबे समय से वनों के संरक्षण एवं वन सम्पदा की रखवाली में वन परिक्षेत्र खड़गवां के रेंजर एवं समस्त टीम बड़ी ही एहम भुमिकाएं निभाते चले आ रहे हैं। जहां विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियों का ना केवल वृक्षारोपण कार्य किया गया हैए जिसके साथ ही जंगलों में किए जा रहे अतिक्रमणों पर भी समय समय पर सख्त कार्यवाहियों को भी अंजाम दिया गया है। जिससे कि वन क्षेत्रों में अनावरण अतिक्रमण रूक सके एवं पेड़ों की




कटाई पर भी रोक लग सके। वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र खड़गवां में वन विभाग के कार्यों की बात की जाए तो कैम्पा मद के अंतर्गत समस्त प्रकार के कार्यों को वर्तमान में पदस्थ रेंजर अर्जुन सिंह द्वारा पुर्व में भी करवाया गया है और भविष्य में वातावरण के हित के लिए ऐसे कई सैकड़ों कार्य प्रगति पर चलते हुए देखे भी जा सकते हैं। अगर धरातल से इसकी सच्चाई देखी जाए तो बीट बोड़ेमूढ़ा में कक्ष क्रमांक 633 में 43.46 हेक्टेयर में वृक्षारोपण के लिए कुल 25806 पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही साथ मिट्टी के बहाव को रोकने के लिए एवं पानी के पर्याप्त मात्रा में रूकाव हेतु कोटया बीट में कक्ष क्रमांक पी 646 में साथ 7 नग गली प्लग एवं 45 हेक्टेयर में कंटूर निर्माण का कार्य किया गया है। वन परिक्षेत्र खड़गवां में वन विभाग द्वारा कराए जा रहे सकुशल कार्यों की कहानी यहीं खत्म नहीं होती। जहां कक्ष क्रमांक 656 दुग्गी डाई पहाड़ से लगा हुआ एरिया में कुल 16.3 हेक्टेयर निकुल 17000 पौधों का प्लांटेशन होना है। इसी तरह के वन संरक्षण कार्यों का सफ ल नेतृत्व वन विभाग के उच्च अधिकारियों एवं रेंजर द्वारा समय-समय पर किया जाता है जो कि कहीं ना कहीं काबिले तारीफ है। वन विभाग में वन मंडल बैकुंठपुर के पदाधिकारी उप वन मंडलाधिकारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्ववाली में खड़गवां के वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुन सिंह के कर्मठता पर एक बात तो साफ है ऐसे आला अधिकारियों का वन विभाग में पदस्थ रहना वन विभाग के लिए बड़े सम्मान की बात है जिससे ना सिर्फ वन विभाग की प्रशंसा होती है। मगर पूरे राष्ट्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश के नाम सम्मानित करने में भी इनकी मेहनत रंग लाती है।

## सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू-ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 फाइटर जेट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तस्वीर अपने सोशल मंच से वायरल करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने लिखा यह 30 मिनट की सामरिक उड़ान बदलते भारत की तस्वीर है। शनिवार को सुखोई जेट सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर टेक ऑफ किया। और 11 बजकर 38 मिनट पर लैंड किया। सुखोई में उड़ान भरने वाली द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गई हैं। एयरफोर्स के मुताबिक, 30 मिनट की सामरिक उड़ान में राष्ट्रपति ने ब्रह्मपुत्र और तेजपुर वैली को कवर किया। विमान ने समुद्र तल से करीब दो किलोमीटर की ऊंचाई पर करीब 800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी।

## श्रीश्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

मनेन्द्रगढ़ नगर के बहुप्रतीक्षित निर्माणाधीन श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कार्यक्रम 29 अप्रैल से प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर श्रीश्याम मित्र मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा मंदिर परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गयाण्इस मौके पर श्रीश्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि 29 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ इस अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। सर्वप्रथम प्रात: 8 से श्री-श्री राम मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान श्री श्याम मंदिर परिसर में पूजा अर्चना व सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। आयोजन के अगले दिन 30 अप्रैल एवं 1 मई को श्रीश्याम ज्योति पाठ



एवं मंगल पाठ का आयोजन श्याम मंदिर परिसर में होगा। इसी कड़ी में 2 मई 2023 को पूजा अर्चना के बाद दोपहर 3 बजे से राजस्थान भवन से निशान यात्रा प्रारंभ होगी जिस का समापन श्रीश्याम मंदिर परिसर में होगा। आयोजन के अंतिम दिन 3 मई दोपहर 12.30 से श्याम मंदिर परिसर में श्रीखाटू श्याम, रानी सती दादी एवं सालासर बालाजी की प्रतिमाओं प्राण प्रतिष्ठा होगी। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस भव्य मंदिर का भूमि पूजन स्व. गोविन्द राम सिंघल द्वारा दान दी गई भूमि पर 23 जनवरी 2008 को हुआ था। इसके बाद मंदिर परिसर में कांच का काम दिल्ली के कलाकारों ने किया वही भव्य दरवाजों का निर्माण बिलासपुर के कलाकारों ने किया। मंदिर के मुख्य दरवाजों का निर्माण उड़ीसा से आए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही साथ शीघ्र ही मंदिर के गर्भ गृह में चांदी स्वरूप गर्भ गृह का निर्माण जयपुर से आए कलाकारों द्वारा किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल मंडल मनेन्द्रगढ़ ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागी जनों से उपरोक्त आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



## भारतीय जनता महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शशि टोप्पो ने अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ किया सह भोज

जिला पंचायत सदस्य हीरामणी निकुंज भी मौके पर हुई शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ के चुनाव नजदीक आ रहे हैं। वैसे ही राजनीतिक पार्टियां लोगों को रिझाने में लगी हुई है। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के कुसमी मंडल की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशि टोप्पो के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेमरा में आदिवासी एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के साथ भोजन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें इनका मुख्य उद्देश्य की लोगों के



बीच संगठन की विचार धाराओं को प्रमुखता से रख सके। जानकारी हेतु बता दे कि जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा शकुंतला पार्टी के दिशा निर्देश में यह सेमरा बूथ में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हीरामणि निकुंज उपस्थित रहे। जानकारी हेतु यह भी बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं जिसमें पार्टी स्थापना दिवस, युवा मोर्चा के लिए विशेष दिवस अनुसूचित जनजाति मोर्चा के विशेष दिवस, किसान मोर्चा के लिए विशेष दिवस, महिला मोर्चा सहित अलग दिनों में कार्यक्रम निर्धारित किए जा चुके हैं।



## बगीचा विकास खंड के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के लिए 16 से 27 अप्रैल 2023 तक लगाया जाएगा स्वास्थ्य शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए बगीचा विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर





लगाया जा रहा है। और लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। बगीचा विकास खंड के ग्राम कुरूमकेला और डुमरपानी में आगामी 16 अप्रैल 2023, महादेवजबल और लेदरापाठ में 17 अप्रैल 2023, गासेबन और कोठीपाठ में 18 अप्रैल 2023, साजापानी और बंधकोना में 19 अप्रैल 2023, राजपुर और कलिया में 20 अप्रैल 2023, कुटमा और कुहापानी में 21 अप्रैल 2023, भड़िया और चरकाघाट में 22 अप्रैल 2023, देवडॉड़ और नवापारा में 23 अप्रैल 2023, बलादपाठ और कुरहाटेपना में 24 अप्रैल 2023, दर्रीटोली और रपतकोना में 25 अप्रैल 2023, बॉसधार और गोर्रापाठ में 26 अप्रैल 2023, दतलगवा में 27 अप्रैल 2023 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## एक नजर

### नगर निगम में सड़क, जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 5.40 करोड़ स्वीकृत

सीसी रोड निर्माण, पेयजल पाइप लाइन विस्तार और कचरा कलेक्शन के लिए वाहन और मशीनों की होगी खरीदी

कलेक्टर सिन्हा ने शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश

15 वें वित्त की राशि से होंगे काम, शासन से मिली मंजूरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ नगर निगम के विभिन्न कार्यों के लिए शासन से 5.40 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इससे शहर में सीसी रोड निर्माण, नल कनेक्शन के लिए पाइप लाइन विस्तार और शहर में कचरा उठाव के लिए वाहन और मशीनें खरीदी जाएंगी। इसके लिए नगर निगम से प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा गया था। जिसके आधार पर 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत मूलभूत सेवाओं हेतु संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किए गए है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी स्वीकृत कार्यों का क्रियान्वयन शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम संबित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन स्थानों में सड़क निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 24 लाख 79 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। इनमें वार्ड क्रमांक 42 ट्रांसपोर्ट नगर में मुख्य मार्ग से कम्पोस्टिंग शेड तक सीसी सड़क निर्माण, नए मेरिन ड्राईव में एस.एल.आर.एम.सेन्टर से इंटेकवेल तक बी.टी.सड़क निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 46 कलगामुड़ा (उर्दना)में स्टार्म वाटर ड्रेन निर्माण कार्य (रामेश्वर फिड इंडस्ट्रीज से ट्रांसफार्मर तक) का निर्माण कार्य शामिल है। जल प्रबंधन पाईप लाईन विस्तार कार्य हेतु 01 करोड़ 49 लाख 14 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। इनमें कौहाकुण्डा क्षेत्र, मेडिकल कालेज, साहेबराम नगर स्थित आवास एवं चांदमारी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 9 एवं 7 के क्षेत्रों में पाईप लाईन विस्तार (17 एम.एल.डी.डब्लू.टीपी से रियापारा एवं बाग तालाब पाईप लाईन, 9 एम.एल.डी.से मधुबन चौक तथा डिग्री कालेज से पहाड़ मदिर तक) कार्य शामिल है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन एवं मशीनों की खरीदी हेतु 2 करोड़ 66 लाख 49 हजार 60 रुपये की स्वीकृति मिली है। इनमें 4 ट्रेक्टर इंजन, 160लो-बेड-ट्राली, 50 ट्रायसायकल, 2 पॉवर रोंडग ऑपरेटर्स मशीन, 1 पोर्टेबल क्लिनिंग मशीन 1 तथा 28 ई-गार्बेज रिक्शा की खरीदी की जाएगी।

सफलता की कहानी

### मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं

4,48,326 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण,परीक्षण के उपरांत दी जा रही नि:शुल्क दवाईयां

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दूरस्थ एवं ग्रामीण जनों की स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लीनिक योजना का प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से दूरस्थ अंचल के क्षेत्रों के लोगों को बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। जशपुर जिले में भी हाट बाजार क्लीनिक योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे यहां के निवासियों को अस्पताल के साथ ही विभिन्न हाट बाजारों में ही बेहतर स्वास्थ्य उपचार मिल रही है। योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाट बाजारों में मेडिकल टीम के माध्यम से शिविर लगाकर बाजारों में ही लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित किया जाता है। परीक्षण के उपरांत उन्हें तत्काल नि:शुल्क दवाई एवं परामर्श प्रदान की जाती है। जिससे लोगों को उनके घर के नजदीक ही आसानी से स्वास्थ्य ईलाज का लाभ मिल रहा है। बाजार में लोग सामानों की खरीदारी के साथ स्वास्थ्य संबंधी सलाह के साथ ही चिकित्सकों से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपचार का लाभ ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाट-बाजार क्लीनिक योजना से न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मिली है बल्कि उनके समय के साथ पैसों की भी बचत हो रही है। हाट-बाजार में खून जांच, बीपी.शुगर जांच, मलेरिया, टाइफाइड सहित अन्य बीमारियों का भी जांच की जा रही है। जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अब तक कुल 112 हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कुल 5975 शिविर लगाकर 4,48,326 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। साथ ही 3,93,394 लोगों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया है।

# हिंसा के विरोध में नगर बंद कराने निकले बीजेपी कार्यकर्ता

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

**छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में संप्रदायिक हिंसा के विरोध में कुसमी में बंद का व्यापक असर देखने को मिला कुसमी के प्रमुख बाजारों के अगल-बगल के ग्रामों में भी बंद का व्यापक असर दिखा।**





सुबह भाजपा के कार्यकर्ता बंद कराने के लिए निकले जो दुकाने खुली दिखे उसे बंद कराया गया तथा कुछ लोगों ने स्वस्फूर्त ही अपने दुकानो को सुबह से ही बंद रखा था। बेमेतरा के बिरनपुर




गांव में हुए सांप्रदायिक घटना में एक हिन्दू युवक की मौत के बाद विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था भाजपा ने इसका समर्थन करते हुए रविवार को ही प्रमुख बाजारों में बंद के लिए समर्थन मांगा था इसका असर सोमवार की सुबह देखने को भी मिला।

### यह था मामला

बेमेतरा के थाना थाना क्षेत्र के ग्राम शक्ति घाट बिरनपुर में साइकिल चलाने को लेकर दो बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद संप्रदायिक हिंसा भड़क गई मामला इतना उग्र हो गया कि थाना साजा क्षेत्र के ग्राम शक्ति घाट बिरनपुर में हिंसक झड़प में एक युवक भुनेश्वर साहू पिता ईश्वर साहू की जान चली गई वहीं साजा थाना प्रभारी सहित अन्य आधा दर्जन लोग घायल हो गए थाना प्रभारी बी आर ठाकुर को गंभीर अवस्था में रायपुर के लिए रेफर किया गया। आज बंद के दौरान मंडल के अध्यक्ष संजय जयसवाल जिला उपाध्यक्ष आनंद जयसवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सेन सिंह उमेश्वर ओझा जी दिलीप गुप्ता अशोक सोनी सुनील नागजी बालेश्वर राम युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रितम गुप्ता, शुभम तिवारी, इंद्रदेव निकुंज सतीश चौहान मुनेश्वर अंबिकेश पार्षद रोशन एक्का, चंद्रभूषण साहू जी विजय भगत, दीपक सोनवाने,सहित सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुर्यदीप अग्रवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल निवासी मकान क्रमांक 7/55 न्यू पोस्ट आफिस रोड पोस्ट-खरसिया जिला-रायगढ़ (सीजी) 496661 यह शपथ करता हूं मैने अपना पुराना नाम सुर्यादीप अग्रवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल को त्याग कर नया नाम सुर्यदीप अग्रवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल रख लिया हूं अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुर्यदीप अगवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल से ही पहचाना जाये।

मकान क्रमांक 7/55 न्यू पोस्ट आफिस रोड।


**सुर्यदीप अग्रवाल**
पोस्ट-खरसिया
जिला-रायगढ़ (सीजी)
496661

# गुणवत्ता विहीन एवं धीमीगति सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## 15 अप्रैल से चक्काजाम करने की चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धीमीगति से हो रहे सड़क निर्माण के कारण क्षेत्रवासी एवं आवागमन करने वाले बहुत ज्यादा परेशान हैं। जिसके लिए समय-समय शासन को ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं अनेकों बार चक्काजाम किया जा चुका है।**





धरमजयगढ़ मुख्यालय से चारों तरफ जाने वाले मुख्य सड़कों का हाल खराब है। जिसमें खरसिया मार्ग का कहना ही किया है। जिसके लिए बायसी कालोनी सहित आसपास के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि धरमजयगढ़ खरसिया मार्ग का हाल बदहाल है। जहां घटिया निर्माण के साथ-साथ धीमीगति से कार्य किया जा रहा है। निर्माणाधीन सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हैं। जिससे आम जनता के साथ-साथ स्कूली बच्चों को आने जाने में परेशानी हो रही है। वहीं उड़ने वाले धूल से लोगों को दमा सहित अन्य गंभीर बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। शासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसलिए ग्रामीणों द्वारा 15 अप्रैल से चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बता दें कि खराब सड़क के कारण इस क्षेत्र के लोगों को हर क्षेत्र में परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस क्षेत्र से लोग शादी विवाह करने से कतराने लगे हैं। सड़क के कारण मेहमानों को यहां आने के लिए कई बार सोचने को मजबूर होना पड़ता है।

### धीमीगति निर्माण को लेकर कांग्रेसियों ने किया था चक्काजाम

धीमीगति सड़क निर्माण को लेकर एक माह पहले कांग्रेसियों ने खड़गांव में चक्काजाम किया था।पहली बार कोई पार्टी अपने ही सरकार के निर्माण कार्य के खिलाफ चक्काजाम किया था। चक्काजाम में एसडीएम के समक्ष ठेकेदार के कर्मचारियों ने पानी छिड़काव करने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने का लिखित आश्वासन दिया था। लेकिन वह सिर्फ ढकोसला साबित हुआ। बता दें कि खरसिया से पत्थलगांव तक सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली है। जिसका ठेका श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को मिला है। कंपनी द्वारा इस कार्य को तीन हिस्सों में बांटा गया है। जिसमें खरसिया से हाटी, हाटी से धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ से पत्थलगांव है। सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रमुख सचिव पीडब्लूडी द्वारा कुछ महीने में चमचमाती सड़क मिलने की बात कही गई थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी हाल जस का तस है। भाजपा की दुर्गति में खराब सड़क का बहुत बड़ा योगदान है। वहीं कांग्रेस सरकार में भी हाल वही बना हुआ है।

## एक नजर

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम और उपचार के लिए एक्सक्लूसिव कोविड ट्रीटमेंट हॉस्पिटल कंचनपुर में हुआ मॉक ड्रिल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।






कोरोना संक्रमण की रोकथाम और उपचार के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के एक्सक्लूसिव कोविड ट्रीटमेंट हॉस्पिटल, कंचनपुर में मॉक ड्रिल यानी पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के तहत स्वास्थ्य अमला द्वारा कोविड हॉस्पिटल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और क्रियाशीलता का परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल में मेडिकल उपकरणों वेंटीलेटर, मल्टी पैरामॉनिटर ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सेंगर, डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल सहित चिकित्सकीय स्टाफ मौजूद थे।

### कोविड प्रबंधन के लिए अधोसंरचना एक नजर में

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कोविड प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों में कुल 402 बेड उपलब्ध हैं। जिसमें आईसीयू के लिए 29, एचडीयू के लिए 9, आईसीयू व एचडीयू के अतिरिक्त आक्सीजन युक्त 165, सामान्य 199 बिस्तर शामिल हैं। साथ ही बच्चों के लिए आईसीयू के 29 में से 12 बिस्तर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही 78 ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर तथा 110 पाईप लाईन उपलब्ध हैं। जिले में पर्याप्त मात्रा में उपकरण भी तैयार हैं। जिसमें 25 वेंटीलेटर व्यस्कों को लिए, 3 पीडियाट्रिक वेंटीलेटर बच्चों के लिए, 34 मल्टी पैरामानिटर, 740 ऑक्सीजन सिलिंडर जंबो, 305 ऑक्सीजन छोटे सिलिंडर, 65 ऑक्सीजन कान्सेंट्रेर शामिल हैं। कोविड हॉस्पिटल परिसर बैकुंठपुर में ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट स्थापित किया गया है। जिसकी क्षमता 500 एलपीएम है। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में भी 1000 एलपीएम क्षमता के आक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की गई है।

# मुख्यमंत्री बघेल जशपुर में आयोजित सरहुल पर्व कार्यक्रम में होंगे शामिल

* कलेक्टर, एसपी ने लिया दीपू बगीचा सरहुल पर्व कार्यक्रम स्थल का जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एव पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने जशपुर के दीपू बगीचा में आयोजित होने वाले सरहुल पर्व, खद्दी पर्व कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मीडिया बैठक व्यवस्था, नागरिक गणों के लिए बैठक व्यवस्था, बेरीकेट्स, बिजली, पानी, पर्याप्त कुर्सियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सरहुल पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड का भी निरीक्षण किया एवं सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, बेरीकेट्स लगाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 अप्रैल 2023 को प्रातः 11 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर से जशपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 12.30 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड जशपुर में आगमन होगा तत्पश्चात 12.35 बजे सरना पूजा स्थल दीपू बगीचा सरहुल पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात 1.40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड जशपुर से अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे।

कांसाबेल शिव जी की सेना ने निकाली बाइक रैली

# भुनेश्वर साहू हत्याकांड के मामले पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कांसाबेल।



युवाओ के शिव जी की सेना (शिवसेना) ने कांसाबेल के सभी मार्गो पर होते हुए बाइक रैली निकाली और जागो हिंदू जागो के नारों ,जय जय श्रीराम के नारे लगाते हुई तहसीलदार कांसाबेल को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा । जिसमें साजा (बेमेतरा)भुनेश्वर साहू हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने उचित कार्यवाही की मांग किया है।

और ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो जिससें हम हमारी भावनाएं आहत हो । आने वाले समय में कोई कार्यवाही आरोपियों के विरुद्ध नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी तक दे डाली और जिसका जिम्मेदार शासन व प्रशासन की बात कही गई। साथ ही थाना प्रभारी कांसाबेल को ज्ञापन को सौंपा गया । इस अवसर पर शिवसेना सहित प्रतीक यादव ऋषि थवाईत संजय सोनी आकाश यादव आयुष यादव विवेक यादव अशोक ठाकुर विकास यादव हितेश पातर भूपेश बघेल विजय यादव धीरज पातर रोहित गुप्ता लक्ष्मी पातर घनश्याम यादव हरि यादव मिथुन विश्वकर्मा हनुमान पारीक अजय सोनी वेदांश सिंगार पुनराज राज यादव राजू पातर उमेश सिदार अजय चौहान जैकी यादव के साथ अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। रैली को सफल बनाने में पुलिस विभाग एवं यातायात विभाग भी अहम भूमिका निभाई शिव सेना के सभी सदस्यों बहुँत बहुँत आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम डिगेश पटेल ने लोगों के बीच बनाई अलग पहचान

## समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।



सभी अधिकारियों का कार्य करने का तौर तरीका अलग अलग होता है। काम करने के तरीके से जनमानस में छवि बनती है। एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने भी क्षेत्र में मिलनसार अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। क्षेत्र में हो रहे खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक , धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों शामिल होकर लोगों का उत्साहवर्धन करते हैं। सहज तरीके से जनमानस के बीच पहुंचने के कारण क्षेत्रवासियों के बीच मिलनसार अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। पटेल के कार्यभार संभालने के बाद प्रशासनिक कार्यों में भी कसावट आई है। वहीं स्वयं भी प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। छोटी छोटी समस्याओं को भी गंभीरता से लेकर उसका समाधान करते हैं। राजस्व प्रकरणों के निपटारे में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। जिसके कारण वर्षों से पड़ी प्रकरणों का निराकरण हो रहा है। बता दें कि पटेल कई जिलों में पदस्थ रहे हैं। रायगढ़ जिले में पदस्थापना के बाद तहसीलदार लैलूंगा, रायगढ़ के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा रहे हैं। जहां से स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ के रूप में हुई है

# रतनपुर सिल्ली मोड़ पहुंच मार्ग निर्माण में लगे बेलन चालक की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

मिली जानकारी के अनुसार फूलवारीपारा के पास रघु नामक बेलन चालक जो कि कन्हैया लाल अग्रवाल के ठेकेदारी में रघु बेलन चलाने का काम कर रहा था। जो कि आज भी रोज की तरह सुबह रोड के साईड सोलडर काम चल रहा है। जिसमें रघु बेलन लेकर कैंप से गहिलानाला के पास भैया राव के खेत पास साईड सोलडर में काम कर ही रहा था। कि आचानक बेलन सहित चालक खेत के खाईं में जा गिरा जिससे बेलन चालक रघु मौके पर मौत, हो गई मौके पर पहुचे लोगों ने पाली 112 को बुलाया, एवं टीम ने बाड़ी को पाली रिफर कर,मौके पर पहुंच पाली पुलिस जांच में जुटी।

## खूंटाघाट डैम में मिली छात्रा की लाश, हत्या की आशंका

**बिलासपुर ।** बीते 6 अप्रैल से गायब हुई एक कोचिंग छात्रा की लाश आज यानी रविवार सुबह रतनपुर थाना क्षेत्र के खूंटाघाट से बरामद की गई हैं। लाश तैरकर डैम के किनारे पर पड़ी हुई थी जिसपर कुछ लोगो की नजर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना फ़ौरन पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने लाश की शिनाख्त प्रीति भारद्वाज के तौर पर की। प्रीति बीते 6 अप्रैल से गायब थी। घरवालों की शिकायत के बाद उसकी तलाश की जा रही थी। प्रीति भारद्वाज अकलतरा की रहने वाली थी और बिलासपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

# हिंदू युवक की नृशंस हत्या के विरोध में धरमजयगढ़ नगर बंद

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।



हिंदू युवक की हत्या को लेकर छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था। नृशंस हत्या को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू संगठनों ने एक दिवसीय बंद का आह्वान किया था। जिसका अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने समर्थन किया था। भारतीय जनता पार्टी ने भी बंद का समर्थन किया था। धरमजयगढ़ वासियों ने भी बंद का समर्थन करते हुए अपना प्रतिष्ठान बंद रखा। सुबह से ही हिंदू संगठन सहित सामाजिक कार्यकर्ता लोगों को घटना की जानकारी देते हुए बंद रखने का आह्वान किया। जिस पर सभी ने समर्थन देते हुए अपना प्रतिष्ठान बंद रखा था। दोपहर बाद कुछ कुछ दुकानें खुली थी। बता दें कि ग्राम शक्ति घाट बीरनपुर थाना साजा जिला बेमेतरा निवासी भुनेश्वर साहू की मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा घर घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई है। जिससे हिंदू संगठनों एवं सामाजिक संगठनों भारी रोष व्याप्त है। हत्या के विरोध में संत समाज एवं विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद एवं चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था।

# नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

## बालिका को थाना प्रभारी पैंकरा की टीम ने चंद घंटों में किया बरामद

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खम्हार की है। बालिका के परिजन ने थाने में नाबालिक लड़की को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई । जिस पर अपराध क्रमांक 95/23 धारा 363 दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा के नेतृत्व में हमराह टीम ने महिला संबंधित अपराध पर त्वरित कार्यवाही शुरू की। जिसमें खोजबीन करते हुए चंद घंटों में ही सीतापुर से नाबालिक बालिक को बरामद कर लिया। जिससे बालिका के परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए पैंकरा एवं




उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं पुलिस विभाग में खुशी देखी गई।पहले भी धरमजयगढ़ थाना प्रभारी रहते नंदलाल पैकरा ने महिला संबंधित मामलों को तत्काल निराकरण करने में सफलता पाई थी। क्षेत्र की महिलाएं पैंकरा के कार्यों से संतुष्टि जाहिर करते हुए स्वयं को सुरक्षित महसूस करती हैं।

# 10 लाख का अवैध स्क्रैप जप्त चालक गिरफ्तार जूटमिल पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में कल रात्रि जूटमिल पुलिस द्वारा अवैध स्क्रैप के परिवहन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए बड़माल बैरियर के पास एक पंजाब पासिंग ट्रक को पकड़ा गया है , जिसमें 25 टन अवैध कबाड़ लोड़ था ।

नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा जूटमिल पुलिस को रायगढ़-ओडिशा हाईवे एवं बाईपास मार्ग से परिवहन किये जा रहे अवैध स्क्रैप पर कार्यवाही के लिये मुखबिर सक्रिय कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है । इसी कड़ी में कल रात्रि मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी के हमराह स्टाफ द्वारा बड़वाल बैरियर के पास नाकेबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए पंजाब पासिंग ट्रक पीबी 13 एबी 8897 को रात्रि करीब 8ः30 बड़वाल बैरियर के पास रोककर वाहन चालक शौकत अली और गवाहों के समक्ष वाहन को चेक किये जिसमें अवैध स्कैप लोहे का पाइप टुकड़ा, ट्रक का रिंग, डिस्क लोड था ।

वाहन चालक से स्क्रैप परिवहन के कागजात मांगे जाने पर वाहन चालक कोई कागजात नहीं होना बताया । ट्रक में लोड स्क्रैप चोरी से संबंधित हो जाने के पूर्ण अंदेशा पर ट्रक में लोड़ 25.65 टन अवैध स्क्रैप कीमत ?10,00,350 की जप्ती बनाई गई । आरोपी वाहन चालक शौकत अली पिता जफीर खान उम्र 29 वर्ष निवासी भिखी वार्ड नंबर 13 थाना भिखी जिला मानसा (पंजाब) पर थाना जूटमिल में 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्यवाही किया गया है । कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक प्रदीप मिंज, जितेश्वर चौहान और गणेश पैकरा की अहम भूमिका रही है ।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in